**77.** किसी प्रयोग में लाल रक्त कोशिकायें अपघटित की गयीं तथा जो कोशिकायें टूटी नहीं वे 600g में अपकेंद्रीकरण द्वारा निकाल दिए गए। अधिप्लवी को लेकर 100,000g पर अपकेंद्रीकरण किया गया। 5M NaCl के साथ गुटिका निकाली गयी तथा फिर 100,000g पर अपकेंद्रीकरण किया गया। अधिप्लवी में निम्न प्रोटीनों में से कौन-सा उपस्थित होगा?

1. बैंड 3
2. ग्लाईकोफ़ोरीन
3. G प्रोटीन युग्मित ग्राही
4. स्पैक्ट्रिन

**77.** In an experiment, red blood cells were subjected to lysis and any unbroken cells were removed by centrifugation at 600g. The supernatant was taken and centrifuged at 100,000g. The pellet was extracted with 5M NaCl and again centrifuged at 100,000g. Which of the following proteins would be present in the supernatant?
1. Band 3
2. Glycophorin
3. G protein-coupled receptor
4. Spectrin

**78.** प्रोटीन 'A' के अंतर्कोशिकीय यातायात के अध्ययन हेतु, उसे GFP (A-GFP) से लेबलित किया गया। प्रतिदीप्ति सूक्ष्मदर्शन ने दर्शाया कि A-GFP, LAMP1 के साथ सहस्थानीकृत होता है। बैफिलोमाईसीन A, जो $H^{+}$-ATPase का एक संदमक है, की उपस्थिति में A-GFP, LAMP1 के साथ सहस्थानीकृत नहीं होता। इसके बजाय, वह LC3 पुन्क्टा के साथ सहस्थानीकरित होता है।
निम्न कथनों में से कौन-सा **सही** है?
1. बैफिलोमाईसीन A की अनुपस्थिति में A-GFP, ER पर लक्षियत होता है।
2. A-GFP के लयनकाय तक यातायात के लिए स्वभोजिता की आवश्यकता है।
3. बैफिलोमाईसीन A, ER पर A-GFP को लक्षियत कराने में अनुकूलन देता है।
4. बैफिलोमाईसीन A, A-GFP को सूत्रकणिकियों पर लक्षियत कराने में अनुकूलन देता है।

Adda247

GET IT ON Google Play

**78.** In order to study the intracellular trafficking of protein 'A', it was tagged with GFP (A-GFP). Fluorescence microscopy showed that A-GFP co-localizes with LAMP1. In the presence of bafilomycin A, an inhibitor of $H^+$-ATPase, A-GFP does not co-localize with LAMP1. Instead, it co-localizes with LC3 puncta.
Which one of the following statements is TRUE?
1. A-GFP targets to the ER in the absence of bafilomycin A.
2. Autophagy is required for trafficking of A-GFP to lysosomes.
3. Bafilomycin A facilitates targeting of A-GFP to the ER.
4. Bafilomycin A facilitates targeting of A-GFP to the mitochondria.

**79.** हरितलवक प्रकार्य का संदमक 'A' है। 'A' के मिलाने से पूर्व तथा पश्चात् प्रदीपित हरितलवकों में $O_2$ का उत्पादन एवं ATP का संश्लेषण निम्न दर्शाये अनुसार मापा गया।




कौन-सा कथन सही है?
1. $NADP^+$ की अपचयन को 'A' संदमित करता है।
2. $NADP^+$ की अपचयन तथा प्रोटॉन प्रवणता को 'A' संदमित करता है।
3. प्रोटॉन प्रवणता को 'A' संदमित करता है $NADP^+$ अपचयन को नहीं करता है।
4. न तो प्रोटॉन प्रवणता को, न तो $NADP^+$ अपचयन को 'A' संदमित करता है।

**79.** 'A' is an inhibitor of chloroplast function. The production of $O_2$ and the synthesis of ATP are measured in illuminated chloroplasts before and after addition of 'A' as shown below




Which statement is correct?
1. 'A' inhibits the reduction of $NADP^+$
2. 'A' inhibits the proton gradient and the reduction of $NADP^+$
3. 'A' inhibits the proton gradient but not the reduction of $NADP^+$
4. 'A' inhibits neither the proton gradient nor the reduction of $NADP^+$

**80.** $G_1$ से S तक के एक कोशिका चक्र प्रगमन के दौरान साईक्लीन D-CDK4, Rb का फ़ॉस्फ़ोरिलीकरण करता है तथा E2F के लिए उसकी बंधुता को कम करता है। Rb से E2F अपघटित होता है तथा S-अवस्था जीन अभिव्यक्ति को क्रियान्वित करता है। प्रोटीन 'A' की अतिअभिव्यक्ति $G_1$ अवस्था प्रगमन को रोक देता है। निम्न कथनों में से कौन-सा **सही** है?
1. Rb-E2F अन्योन्यक्रिया को 'A' संदमित करता है।
2. CDK4 गितविधि को 'A' संदमित करता है।
3. E2F को 'A' फ़ॉस्फोरिलीकृत करता है।
4. Rb का अपकर्ष 'A' करता है।

**80.** During cell cycle progression from $G_1$ to S, cyclin D-CDK4 phosphorylates Rb and reduces its affinity for E2F. E2F dissociates from Rb and activates S-phase gene expression. Overexpression of protein 'A' arrests $G_1$ phase progression.
Which of the following statements is TRUE?
1. 'A' inhibits Rb-E2F interaction
2. 'A' inhibits CDK4 activity
3. 'A' phosphorylates E2F
4. 'A' degrades Rb

**81.** कोशिका चक्र की S-अवस्था की कोशिकायें, कोशिका चक्र के निम्न चरणों की कोशिकाओं के साथ संलयित की गयीं: (a) $G_1$ अवस्था, (b) $G_2$ अवस्था, (c) M अवस्था। इन कोशिकाओं का विकास तद्पश्चात् ट्रिटीकरित थायमिडीन युक्त माध्यम में किया गया। S-अवस्था कोशिकाओं में, जो निम्न से संलयित किये गये, नव लेबलित DNA की उच्चतम मात्रा संभाव्य है:
1. $G_1$ अवस्था कोशिकायें
2. $G_2$ अवस्था कोशिकायें
3. M अवस्था कोशिकायें
4. दोनों $G_1$ तथा $G_2$ अवस्था कोशिकायें

**81.** Cells in S-phase of the cell cycle were fused to cells in the following stages of cell cycle: (a) $G_1$ phase, (b) $G_2$ phase, (c) M phase. These cells were then grown in medium containing

tritiated thymidine. Maximal amount of freshly labelled DNA is likely to be obtained in S-phase cells fused with
1. $G_1$ phase cells
2. $G_2$ phase cells
3. M phase cells
4. Both $G_1$ and $G_2$ phase cells

**82.** विकास करते *E. coli* कोशिकाओं के साथ प्रतिजैविक सेफ़ालेक्सिन को मिलाने पर, कोशिकाओं का तंतुलन हो जाता है, तद्पश्चात अपघटन। सेफा़लेक्सिन इसका एक संदमक है
1. प्रोटीन संश्लेषण
2. DNA संश्लेषण
3. पेप्टिडोग्लाईकन संश्लेषण
4. RNA पॉलिमरेज़

**82.** Addition of the antibiotic cephalexin to growing *E. coli* cells lead to filamentation of the cells, followed by lysis. Cephalexin is an inhibitor of
1. protein synthesis
2. DNA synthesis
3. peptidoglycan synthesis
4. RNA polymerase

**83.** प्रतिदीप्तित: लेबलित प्रोटीन, ख़मीर में प्रोटीनस्राव के अध्ययन के लिए उपयोग में लिया गया।
प्रतिदीप्ति निम्न में पायी गई:
(a) गोल्गी
(b) स्रावी पुटिका
(c) कठोर ER.
इन घटनाओं के घटने के क्रम का श्रेष्ठतम वर्णन निम्न में से कौन-सा करता है?
1. (a) ⟶ (b) ⟶ (c)
2. (b) ⟶ (c) ⟶ (a)
3. (c) ⟶ (a) ⟶ (b)
4. (c) ⟶ (b) ⟶ (a)

**83.** Fluorescently tagged protein was used to study protein secretion in yeast. Fluorescence was observed in:
(a) the Golgi
(b) the secretory vesicles
(c) the rough ER.

Which of the following describes best the sequence in which these events occur?
1. (a) ⟶ (b) ⟶ (c)
2. (b) ⟶ (c) ⟶ (a)
3. (c) ⟶ (a) ⟶ (b)
4. (c) ⟶ (b) ⟶ (a)

**84.** यह सुनिश्चित करने के लिए कि मात्र पूर्णत: संसाधित परिपक्व mRNAs साईटोसॉल तक निर्यात होने अनुमतित हैं, snRNPs के साथ संगत Pre -mRNAs केंद्रक में सुरक्षित रखे जाते हैं। इसे सिद्ध करने के लिए, एक प्रयोग किया गया जिसमें एक pre-mRNA को केंद्रित करने वाले एक जीन को, जिसका मात्र एक इंट्रान है, या तो 5′ या 3′ समबंधन स्थलों पर या दोनों समबंधन स्थलों पर उत्परिवर्तित किया गया।
कुछ संभाव्य परिणाम निम्नवत है:
A. बंधित snRNPs की उपस्थिति के कारण दोनों समबंधन स्थलों पर उत्परिवर्तित Pre-mRNA केंद्रक में सुरक्षित रखे जाएंगे।
B. बंधित snRNPs की अनुपस्थिति के कारण दोनों समबंधन स्थलों पर उत्परिवर्तित Pre-mRNA साईटोसॉल तक निर्यात किये जायेंगे।
C. बंधित snRNPs की उपस्थिति के कारण 3′ या 5′ समबंधन स्थलों पर उत्परिवर्तित Pre-mRNA केंद्रक में सुरक्षित रखे जाएंगे।
D. बंधित snRNPs की अनुपस्थिति के कारण 3′ या 5′ समबंधन स्थलों पर उत्परिवर्तित Pre-mRNA साईटोसॉल तक निर्यात किये जायेंगे।

संभाव्य परिणामों के सही संयोजन को चुनें:
1. B तथा C
2. A तथा D
3. B तथा D
4. A तथा C

**84.** In order to ensure that only fully processed mature mRNAs are allowed to be exported to cytosol, pre-mRNAs associated with snRNPs are retained in the nucleus. To demonstrate this, an experiment was performed where a gene coding a pre-mRNA with a single intron was mutated either at the 5′ or 3′ splice sites or both the splice sites.

Given below are a few possible outcomes:
A. Pre-mRNA having mutation at both the splice sites will be retained in the nucleus because of the presence of bound snRNPs.
B. Pre-mRNA having mutation at both the splice sites will be exported to cytosol because of the absence of bound snRNPs.
C. Pre-mRNA mutated at either 3′ or 5′ splice sites will be retained in the nucleus because of the presence of bound snRNPs.
D. Pre-mRNA mutated at either 3′ or 5′ splice sites will be exported to cytosol because of the absence of bound snRNPs.

Adda247



GET IT ON Google Play

Choose the correct combination of the possible outcomes:

1. B and C
2. A and D
3. B and D
4. A and C

**85.** निम्न चित्रों में, तीन परिकाल्पनिक अनुवाद संदमकों के साथ उपचारित कोशिकाओं का पॉलिसोम परिच्छेदन दर्शाया गया है। ये तीन संदमक हैं:

(i) CHP – अनुवाद का टपकता संदमक

(ii) LTM – प्रारंभन कोडान पर रिबोसोम को रोकता है।

(iii) PTM – रिबोसोम क्रमवीक्षण को संदमित करता है।




पॉलिसोम परिच्छेदिका को संदमक के साथ सुमेलित करें:

1. (i) – a; (ii) – b; (iii) – c
2. (i) – b; (ii) – c; (iii) – a
3. (i) – c; (ii) – b; (iii) – a
4. (i) – a; (ii) – c; (iii) – b

**85.** Polysome profiling of cells treated with three hypothetical translation inhibitors is shown in the plots below. These three inhibitors are

(i) CHP – leaky inhibitor of translation

(ii) LTM – arrests ribosome at the initiation codon

(iii) PTM – inhibits ribosome scanning




Match the polysome profile to the inhibitor

1. (i) – a; (ii) – b; (iii) – c
2. (i) – b; (ii) – c; (iii) – a
3. (i) – c; (ii) – b; (iii) – a
4. (i) – a; (ii) – c; (iii) – b

**86.** स्तनियों में, CG प्रचुर अनुक्रम सामान्यत: C पर मैथिलीकरित होते हैं, जो मौनीकृत जीनों को लेबल करने का एक तरीका है। यद्यपि प्रबंधन जीनों के उन्नायक प्राय: CpG द्वीपों के संगत हैं, तथापि वे स्तनियों में अभिव्यक्त होते हैं। निम्न में से कौन-सा इसकी श्रेष्ठतम व्याख्या करता है?

1. साईटोसीन का मैथिलीकरण उन्नायक के साथ RNA Pol II के बंधन को नहीं रोकता, अत: प्रबंधन जीन अभिव्यक्त किये जाते हैं।
2. प्रबंधन जीन अभिव्यक्ति के दौरान, miRNA द्वारा एन्जाईम मैथिलट्रांसफरेज़ अस्थायी रूप में मौनीकृत होता है, इस प्रकार वैश्विक मैथिलन को बंध करते हुये।
3. एक जीन के कोडन क्षेत्र के अंदर के असदृश, सक्रिय जीनों के उन्नायकों में उपस्थित CG - प्रचुर अनुक्रम सामान्यत: मैथिलीकरित नहीं होते।
4. उन्नायक क्षेत्र में साइटोसीन की मैथिलीकरन होते ही DNA क्षतिसुधार पथों के एन्ज़ाईम मैथिल समूह को निकाल देते हैं, इस प्रकार जीन अभिव्यक्ति को सुनिश्चित करते हुए।

**86.** In mammals, CG rich sequences are usually methylated at C, which is a way for marking genes for silencing. Although the promoters of housekeeping genes are often associated with CpG islands yet they are expressed in mammals. Which one of the following best explains it?

1. Methylation of cytosine does not prevent the binding of RNA Pol II with the promoter, so housekeeping genes are expressed
2. During housekeeping gene expression, the enzyme methyltransferase is temporarily silenced by miRNA, thus shutting down global methylation
3. Unlike within the coding region of a gene, CG rich sequences present in the promoters of active genes are usually not methylated
4. As soon as the cytosine is methylated in the promoter region, the enzymes of DNA repair pathways remove the methyl group, thereby ensuring gene expression

Adda247
GET IT ON Google Play


**87.** टेलोमेरेज़, एक प्रोटीन-RNA संकुल, की एक विशिष्ट उत्क्रम ट्रांस्क्रिप्टेज़ गतिविधि है जो DNA संश्लेषण के दौरान अंत्यांशों के प्रतिकृतियन को संपूर्ण करती है। यद्यपि उसके कई गुणधर्म DNA पॉलिमरेज़ के सदृश हैं, कुछ भिन्न भी हैं। टेलोमेरेज़ के निम्न गुणधर्मों में से कौन-सा DNA पॉलिमरेज़ के गुणधर्म से भिन्न है?

1. न्यूक्लियोटाइडों के योजन को मार्गदर्शित करने के लिए टेलोमेरेज़ को एक दासा चाहिये।
2. टेलोमेरेज़ DNA के मात्र एक 3′-OH सिरे को विस्तरित कर सकता है।
3. टेलोमरेज़ पश्च रज्जुक संश्लेषण नहीं करता।
4. टेलोमरेज़ एक प्रक्रियात्मक तरीके में काम करता है।

**87.** Telomerase, a protein-RNA complex, has a special reverse transcriptase activity that completes replication of telomeres during DNA synthesis. Although it has many properties similar to DNA polymerase, some of them are also different. Which one of the following properties of telomerase is different from that of DNA polymerase?

1. Telomerase requires a template to direct the addition of nucleotides
2. Telomerase can only extend a 3′-OH end of DNA
3. Telomerase does not carry out lagging strand synthesis
4. Telomerase acts in a processive manner

**88.** सुकेंद्रकियों में, प्रतिकृतियन के प्रारंभन हेतु भारित हैलिकेसों को क्रियान्वित करने एक विशिष्ट साईक्लिन निर्भर किनेस (CDK) गतिविधि की आवश्यकता है। इसके विपरीत यह CDK गतिविधि प्रतिकृतियन की मूलबिंदु पर हैलिकेसों के संभारण को संदमित करता है। इस वास्तविकता पर विचारते हुये कि हर चक्र के दौरान, मूलबिंदु पर संभारित होने के लिए हैलिकेसों के पास एक ही मौका है तथा इन भारित हैलिकेसों को क्रियान्वित होने के लिए मात्र एक मौका है, निम्न आलेखों में से कौन-सा कोशिका चक्र के $G_1$ तथा S अवस्थाओं में इस CDK गतिविधि को श्रेष्ठतम दर्शाता है?







**88.** In eukaryotes, a specific cyclin dependent kinase (CDK) activity is required for the activation of loaded helicases to initiate replication. On the contrary, this CDK activity inhibits the loading of helicases onto the origin of replication. Considering the fact that during each cycle, there is only one opportunity for helicases to be loaded onto origins and only one opportunity for these loaded helicases to be activated, which one of the following graphs best depicts this CDK activity in $G_1$ and S phases of the cell cycle?




**89.** ट्राईपनोसोमों में, एक 35 क्षार रेता अनुक्रम कई भिन्न अनुलेखों के साथ जोड़ा जाता है, कार्यशील mRNAs को बनाते हुये। नेता अनुक्रम अन्य RNAs के साथ इस द्वारा जोड़ा जाता है:

1. एक विशिष्ट RNA लाइगेज़
2. पार-समबंघन की प्रक्रिया
3. एक मुक्त गुआनिन न्यूक्लियोटाईड से कारणित एक केंद्रकानुरागी आक्रमण
4. नेता अनुक्रम में उपस्थित एक आंतरिक A के एक 2′ OH से कारणित एक केंद्रकानुरागी आक्रमण

**89.** In Trypanosomes, a 35 base leader sequence is joined with several different transcripts making functional mRNAs. The leader sequence is joined with the other RNAs by

1. a specific RNA ligase
2. the process of trans-splicing
3. a nucleophilic attack caused by a free guanine nucleotide
4. a nucleophilic attack caused by a 2′ OH of an internal A present in the leader sequence

GET IT ON Google Play

**90.** कुछ विकृतिजन स्तंभ A में तथा स्तंभ B में प्रतिरक्षी अनुक्रिया से बचने के लिए उनसे उपयोग में लिए जाने वाले कुछ अद्वितीय प्रक्रम निम्नवत सूचीकृत हैं:

| | A | | B |
|---|---|---|---|
| a. | *Trypanosoma brucei* | (i) | असाधारण जीन प्रक्रियाओं को उपयोग करने की क्षमता, जिससे वे अपने परिवर्ती सतही गलायको-प्रोटीनों (VSG) में विस्तृत परिवर्तन जनित करते हैं |
| b. | *Plasmodium falciparum* | (ii) | विभिन्न रूपों में रूपांतरण के दौरान संतत परिपक्वता परिवर्तन अनुभव करने की क्षमता, जो जीव को अपने सतही अणुओं को बदलने देता है। |
| c. | *Haemophilus influenzae* | (iii) | अपने हैमग्गलूटिनिन तथा न्यूरोमिनिडेस् ग्लाईकोप्रोटीनों में बार-बार प्रतिजनी परिवर्तन करके प्रतिरक्षी अनुक्रिया से बचने की क्षमता |

निम्न में से कौन-सा सही है, जीव तथा अपने संगत प्रक्रम का, ताकि प्रतिरक्षी अनुक्रिया से बचाया जा सकता है?

1. a – (i), b – (ii), c – (iii)
2. a – (ii), b – (iii), c – (i)
3. a – (iii), b – (i), c – (ii)
4. a – (i), b – (iii), c – (ii)

**90.** Following are the list of some of the pathogens (column A) and the unique mechanisms they employ for evading immune response (column B).

| | A | | B |
|---|---|---|---|
| a. | *Trypanosoma brucei* | (i) | Capable of employing unusual genetic processes by which they generate extensive variations in their variant surface glycoproteins (VSG) |
| b. | *Plasmodium falciparum* | (ii) | Capable of continually undergoing maturational changes in transformation to different forms which allow the organism to change its surface molecules |
| c. | *Haemophilus influenzae* | (iii) | Capable of evading immune response by frequent antigenic changes in its hemagglutinin and neuraminidase glycoproteins |

Which of the following is the correct match between the organisms and their respective mechanism to evade immune response?

1. a – (i), b – (ii), c – (iii)
2. a – (ii), b – (iii), c – (i)
3. a – (iii), b – (i), c – (ii)
4. a – (i), b – (iii), c – (ii)

**91.** दो स्टैराइड़ हार्मोन ग्राहियों X तथा Y में एक संलग्नी आबंधन क्षेत्र तथा एक DNA आबंधन क्षेत्र उपस्थित हैं। पुनर्योगज DNA तकनीकी के उपयोग से एक परिवर्तित हाईब्रिड़ ग्राही H तैयार किया जाता है ताकि उसमें X का संलग्नी आबंधन क्षेत्र तथा Y का DNA आबन्धन क्षेत्र उपस्थित हों। तद्पश्चात् ग्राहियों X, Y तथा H को अतिअभिव्यक्त करती कोशिकाओं के तीन समुच्चयों को अलग से हार्मोन X या हार्मोन Y के साथ उपचार किया गया। यह मानते हुए कि कोई तिर्यक्-अभिक्रियता नहीं है, निम्न आलेखों में से कौन-सा, हर विषय में ग्राही-संलग्नी आबंधन का श्रेष्ठतम प्रतिनिधित्व करता है?



**91.** Two steroid hormone receptors X and Y both contain a ligand binding domain and a DNA binding domain. Using recombinant DNA technology, a modified hybrid receptor H is prepared such that it contains the ligand binding domain of X and DNA binding domain of Y. Three sets of cells over-expressing receptors X, Y and H were then treated separately either with hormone X or with hormone Y. Assuming that there is no cross-reactivity, which one of the following graphs best represent the receptor-ligand binding in each case?




**92.** प्रोटीन Y के साथ संकुलित करके साईटोसॉल में एक प्रोटीन X को सक्रिय अवस्था में रखा जाता है। किसी प्रतिबल उत्तेजन के अधीन, Y फ़ॉस्फोरिलित हो जाता है, तथा उसका प्रोटियोसोमल अवकर्ष हो जाता है। X मुक्त हो जाता है, केंद्रक में स्थानांतरित हो जाता है, तथा एपोप्टोसिस द्वारा कोशिका मृत्यु करनेवाले जीन के अनुलेखन में परिणमित होता है। निम्न चार अलग विषयों में प्रतिबल उत्तेजन दिया गया:-

**विषय A**: प्रोटीन Y का एक उत्परिवर्तन है ताकि प्रोटियोसोमल अवकर्ष पर ले जाने वाला फ़ॉस्फ़ोरिलीकरण नहीं घटता।

**विषय B**: प्रोटीन Y को केंद्रक तक स्थानांतरित होने को संदमित करते एक प्रोटीन L को कोडित करने वाले एक जीन के साथ कोशिकायें पारसंक्रमित की जाती हैं।

**विषय C**: कोशिकायें मात्र एक रिक्त वाहक, जो प्रोटिन L के लिए जीन को पारसंक्रमित करने में काम आता है, के साथ पारसंक्रमित की जाती हैं।

**विषय D**: कोशिकाओं को Z-VAD-FMK, जो एक विस्तृत स्पैक्ट्रम कैपेस संदमक है, के साथ उपचारित किया जाता है।

निम्न आलेखों में से कौन-सा उपरोक्त विषयों में कोशिकाओं की एपोप्टोटिक स्थिति का श्रेष्ठतम वर्णन करता है? Y-अक्ष % एपोप्टोटिक कोशिकाओं का प्रतिनिधित्व करता है।

1.



2.



3.



4.



**92.** A protein X is kept in an inactive state in cytosol as complexed with protein Y. Under certain stress stimuli, Y gets phosphorylated resulting in its proteasomal degradation. X becomes free, translocates to nucleus and results in the transcription of a gene which causes cell death by apoptosis. Stress stimuli were given to following four different cases.

**Case A**: Protein Y has a mutation such that phosphorylation leading to proteasomal degradation does not occur.

**Case B**: Cells are transfected with a gene which encodes for a protein L that inhibits the translocation of protein Y to the nucleus.

**Case C**: Cells are transfected only with empty vector used to transfect the gene for protein L.

**Case D**: Cells are treated with Z-VAD-FMK, a broad spectrum caspase inhibitor.

GET IT ON Google Play


Which one of the following graphs best describes the apoptotic state of the cells in the above cases? Y-axis represents % apoptotic cells.

1.



2.



3.



4.



**93.** स्तंभ A में, प्राणियों में कोशिका-कोशिका आसंजन प्रोटीनों के चार अलग कुटुंब सूचित हैं, तथा उनके प्रकार्यी लक्षण स्तंभ B में दिये गये हैं।

| | A | | B |
|---|---|---|---|
| a. | इंटेग्रिन | (i) | रक्त सरिता में विभिन्न नश्वर, कोशिका-कोशिका आसंजन अन्योन्यक्रियाओं को माध्यित करनेवाले लैक्टिन |
| b. | कैढ़ेरिन | (ii) | बाह्यकोशिकाई Ig-जैसे क्षेत्र रखता है तथा प्रमुखत: विकास तथा पुनर्जनन के दौरान कोशिका-कोशिका आसंजन अन्योन्यक्रियाओं के सूक्ष्म-समस्वरण करने में सम्मिलित हैं। |
| c. | Ig-अधि कुटुंब | (iii) | $Ca^{2+}$- निर्भर प्रबल होमोफिलिक कोशिका-कोशिका आसंजन को माध्यित करता है |
| d. | सेलेक्टिन | (iv) | पार-झिल्ली कोशिका आसंजन प्रोटीन जो बाह्यकोशिकाई आधात्री ग्राहियों जैसे काम करते हैं। |

निम्न में से कौन-सा सही संयोजन है?
1. a – (i), b – (ii), c – (iii), d – (iv)
2. a – (ii), b – (iii), c – (iv), d – (i)
3. a – (iii), b – (iv), c – (i), d – (ii)
4. a – (iv), b – (iii), c – (ii), d – (i)

**93.** In animals, four separate families of cell-cell adhesion proteins are listed in Column A and their functional characteristics are given in Column B.

| | A | | B |
|---|---|---|---|
| a. | Integrin | (i) | Lectins that mediate a variety of transient, cell-cell adhesion interactions in the blood stream |
| b. | Cadherin | (ii) | Contains extracellular Ig-like domains and are mainly involved in the fine tuning of cell-cell adhesive interactions during development and regeneration. |
| c. | Ig-super-family | (iii) | Mediates $Ca^{2+}$- dependent strong homophilic cell-cell adhesion. |
| d. | Selectin | (iv) | Transmembrane cell adhesion proteins that act as extracellular matrix receptors |

Which one of the following is the correct combination?
1. a – (i), b – (ii), c – (iii), d – (iv)
2. a – (ii), b – (iii), c – (iv), d – (i)
3. a – (iii), b – (iv), c – (i), d – (ii)
4. a – (iv), b – (iii), c – (ii), d – (i)

**94.** एक विद्यार्थी ने कैंसर कोशिकाओं का उपचार एक प्रति-कैंसर औषधि से किया तथा वेस्टर्न शेषण विश्लेषण किया। अनुपचारित नियंत्रण (C) तथा उपचारित (T) नमूनों का श्रेष्ठतम प्रतिनिधित्व निम्न शोषणों में कौन-सा करता है?




**94.** A student treated cancer cells with an anti-cancer drug and performed western blot analysis. Which one of the following blots is the best representation of untreated control (C) and treated (T) samples?




**95.** B कोशिका ग्राही (BCR) तथा T कोशिका ग्राही (TCR) के बारे में किये गये निम्न कथनों में से कौन-सा सही **नहीं** है ?

1. TCR झिल्ली के साथ बंधित है तथा BCR जैसे विलेय रूप में प्रकट नहीं होता।
2. BCR से असदृश, अधिकांश TCR प्रतिजन मात्र के लिए विशिष्ट नहीं होते, परंतु MHC युक्त प्रतिजन के लिए विशिष्ट हैं।
3. संकेत पारक्रमण को कार्यान्वित करने के लिए BCR, Ig-α/Ig-β के संग हो जाता है, जबकि TCR, CD3 के संग होता है।
4. TCR की अपेक्षा BCR की प्रतिजन बंधन अन्योन्यक्रियायें कहीं अधिक दुर्बल हैं।

**95.** Which one of the following statements regarding B cell receptor (BCR) and T cell receptor (TCR) is **NOT** true?

1. TCR is membrane bound and does not appear as soluble form as does the BCR
2. Unlike BCR, most of the TCR are not specific for antigen alone but for antigen combined with MHC
3. In order to activate signal transduction, BCR associates itself with Ig-α/Ig-β whereas TCR associates with CD3
4. The antigen binding interactions of BCR is much weaker than TCR

**96.** उभयचरों के विषय में, पृष्ठीय ओष्ठ कोशिकायें तथा उनकें संजात "स्पेमन-मानगोल्ड़ व्यवस्थापक" कहलाते हैं। "व्यवस्थापक" से संबंधित निम्न कथन किये गये:

A. वह आतिथेय के अधर ऊतकों को अपने भाग्य बदलने के लिए प्रेरित करता है, एक तंत्रिका नलिका एवं पृष्ठीय मध्यचर्मी ऊतक बनाने।
B. वह आतिथेय तथा दाता ऊतकों को एक द्वितीयक भ्रूण में व्यवस्थित नहीं कर सकता।
C. अधर मध्यचर्म में स्व-विभेदित होने की क्षमता उसमें नहीं है।
D. कंदुकन गतिशीलता को प्रारंभित करने की क्षमता उसमें है।
E. व्यवस्थापक द्वारा β-कैटेनिन तथा कोर्डिन, दोनों उत्पादित होते हैं।

उपरोक्त कथनों के निम्न संयोजनों में से कौन-सा सही हैं?

1. A तथा D
2. D तथा E
3. A तथा E
4. B तथा C

**96.** In case of amphibians, the dorsal lip cells and their derivatives are called as "Spemann - Mangold organizer". Following statements related to the "organizer" were made:

A. It induces the host's ventral tissues to change their fates to form a neural tube and dorsal mesodermal tissues.
B. It cannot organize the host and donor tissues into a secondary embryo.
C. It does not have the ability to self-differentiate into dorsal mesoderm.
D. It has the ability to initiate the movements of gastrulation.
E. Both β-catenin and Chordin are produced by the organizer.

Which of the above statements are correct?

1. A and D
2. D and E
3. A and E
4. B and C

**97.** ड्रियेश ने प्रसिद्ध "दाब प्लैट" प्रयोग किया जिसमें 8-कोशिकी समुद्री अर्चिन भ्रूण के साथ जटिल पुनर्योजन सम्मिलित था। यह विधि साधारणत: अंतश्चर्म बनाने के लिए भाग्यित क्षेत्र में रहते केंद्रकों को अनुमानित बहिश्चर्म क्षेत्रों के अंदर अदल-बदल करती थी। यदि केंद्रकीय निर्णायकों का

अलगीकरण घटित हुआ, परिणमित भ्रूण को अव्यवस्थित होना चाहिए। परंतु ड्रियेश ने इन भ्रूणों से सामान्य डिंभक पाये। संभाव्य व्याख्यायें हैं:

A. एक विलगित कोरकखंड की भावी शक्ति उसके अपने वास्तविक भावी भाग्य से अधिक है।

B. कोरकखड की भावी शक्ति तथा भावी भाग्य सर्वथासमान थे।

C. समुद्री अर्चिन भ्रूण एक "सुसंगत: समविभव तंत्र" है क्योंकि उसके सभी संभाव्यत: स्वतंत्र भागों ने एक एकल भ्रूण बनाने के लिए साथ में अन्योन्यक्रिया की।

D. जहां भ्रूण में स्थान, एक कोशिका नियति निर्धारित करता है, नियंत्रत्मक विकास घटित होता है।

उपरोक्त व्याख्याओं में कौन-सा/से सही है/हैं?

1. मात्र A
2. मात्र D
3. मात्र A तथा B
4. A, C तथा D

**97.** Driesch performed the famous "pressure plate" experiment involving intricate recombination with an 8-celled sea urchin embryo. This procedure reshuffled the nuclei that normally would have been in the region destined to form endoderm into the presumptive ectoderm region. If segregation of nuclear determinants had occurred, the resulting embryo should have been disordered. However, Driesch obtained normal larvae from these embryos. The possible interpretations regarding the 8-celled sea urchin embryo are:

A. The prospective potency of an isolated blastomere is greater than its actual prospec tive fate.

B. The prospective potency and the prospective fate of the blastomere were identical.

C. Sea-urchin embryo is a "harmoniously equipotential system" because all of its potentially independent parts interacted together to form a single embryo.

D. Regulative development occurs where location of the cell in the embryo determines its fate.

Which of the above interpretation(s) is/are true?

1. Only A
2. Only D
3. Only A and B
4. A, C and D

**98.** समुद्री अर्चिन अंडों के निषेचन के दौरान घटनेवाली निम्न घटनाओं पर विचारें:

A. रीसैक्ट/स्पैराक्ट अंड़ा जेली से मुक्तित पेप्टाईड़ हैं तथा वे शुक्राणु आकर्षण में सहायता करते हैं।

B. बिंडिन, जो एक अग्रपिंडकीय प्रोटीन है, अंड़ों के साथ एक प्रजाति-विशिष्ट तरीके से अन्योन्यक्रिया करती है।

C. निषेचन आवरण के तिर्यक्-बंधन के दौरान एक "श्वसन प्रस्फ़ोट" घटित होता है, जहां एक कैल्शियम-निर्भर वृद्धि ऑक्सीजन स्तरों में प्रेक्षित होता है।

D. $IP_3$, जो शुक्राणु के आगमन बिंदु पर बनता है, कैश्लियम जमा करता है जो वलकुटी कणिका बहि:कोशिकता में परिणमित होता है।

उपरोक्त कथनों में कौन-सा सही **नहीं** है?

1. मात्र C
2. A तथा C
3. मात्र D
4. B तथा D

**98.** Consider the following events which occur during fertilization of sea urchin eggs.

A. Resact/Speract are peptides released from the egg jelly and help in sperm attraction.

B. Bindin, an acrosomal protein, interacts in a species-specific manner, with eggs.

C. A "respiratory burst" occurs during cross-linking of the fertilization envelope, where a calcium-dependent increase in oxygen levels is observed.

D. $IP_3$, which is formed at the site of sperm entry, sequesters calcium leading to cortical granule exocytosis.

Which of the above statement(s) is **NOT** true?

1. Only C
2. A and C
3. Only D
4. B and D

**99.** स्तनी भ्रूणों के विकास के दौरान लिये जाने वाले निर्णयों के बारे में निम्न कथन दिये गये।

A. आंतरिक कोशिका द्रव्यभार (ICM) की अनेकशक्ति तीन अनुलेखन कारकों Oct 4, Sox 2 तथा Nanog के एक क्रोड़ से बनाये रखी जाती है।

B. कोरकपुटी संरचना से पूर्व, हर कोरकखंड दोनों Cdx 2 तथा Oct 4 अनुलेखन कारकों को अभिव्यक्त करता है तथा ICM या पोषकोरक बनने में सक्षम प्रतीत होता है।

C. ICM तथा पोषकोरक कोशिकायें, दोनों अनुलेखन कारक Cdx 2 का संश्लेषण करते हैं।

D. Cdx 2 अभिव्यक्ति को Oct 4 क्रियाविन्त करता है, कुछ कोशिकाओं को पोषकोरक तथा अन्य कोशिकाओं को ICM बनने योग्य करते हुये।

उपरोक्त कथनों के निम्न संयोजनों में सें कौन-सा सही है?

1. A तथा B
2. A तथा C
3. B तथा D
4. B तथा C

**99**. Following statements were given regarding the decisions taken during the development of mammalian embryos:

A. The pluripotency of the inner cell mass (ICM) is maintained by a core of three transcription factors, Oct 4, Sox 2 and Nanog.
B. Prior to blastocyst formation each blastomere expresses both Cdx 2 and the Oct 4 transcription factors and appears to be capable of becoming either ICM or trophoblast.
C. Both ICM and trophoblast cells synthesize transcription factor Cdx 2.
D. Oct 4 activates Cdx 2 expression enabling some cells to become trophoblast and other cells to become ICM.

Which of the above statements are true?

1. A and B
2. A and C
3. B and D
4. B and C

**100**. विभिनन संरचनाओं के सही रचना के लिए प्रारंभिक विकास के दौरान एपेप्टोसिस अनिवार्य है। *C. elegans* में एपोप्टोसिस *ced-3* तथा *ced-4* जीनों से प्रबलित किया जाता है, जो आगे *ced-9* से ऋणत: नियंत्रित हैं तथा अंतत: *EGL-1* से। स्तनियों की तुलना में, प्रकार्यत: सदृश समजातों की पहचान की गई है। इसके अनुसार निम्न कथनों में से कौन-सा सही **नहीं** है?

1. CED-4, Apaf -1 से साम्य रखता है।
2. CED-9, Bcl-XL से साम्य रखता है।
3. CED-3, caspase-3 से साम्य रखता है।
4. CED-4, caspase-9 से साम्य रखता है।

**100**. Apoptosis during early development is essential for proper formation of different structures. In *C. elegans*, apoptosis is accentuated by *ced-3* and *ced-4* genes, which in turn are negatively regulated by *ced-9* and eventually *EGL-1*. When compared to mammals, functionally similar homologues have been identified. Accordingly, which one of the following statements is **NOT** correct?

1. CED-4 resembles Apaf -1
2. CED-9 resembles Bcl-XL
3. CED-3 resembles caspase-3
4. CED-4 resembles caspase-9

**101**. पुष्पांग विकास के प्रतिमान को पुष्प के आसन्न चक्करों में समापवर्धी जीनों की व्यक्तिगत एवं आच्छादित अभिव्यक्ति निर्धारित करती है। एक एराबिडोप्सिस उत्परिवर्ती में पुष्पांग निम्नवत बंटित हैं:

चक्कर 1 (बाह्यतम) – अंडप
चक्कर 2 – पुंकेसर
चक्कर 3 – पुंकेसर
चक्कर 4 (अंतस्तम) – अंडप

निम्न जीनों में से किसमें हुये प्रकार्य-क्षति उत्परिवर्तन ने, उपरोक्त पुष्पांग विकास प्रतिमान को कारणित किया होगा?

1. *APETALA* 2
2. *APETALA* 3
3. *PISTILLATA*
4. *AGAMOUS*

**101**. Individual and overlapping expression of homoeotic genes in adjacent whorls of a flower determine the pattern of floral organ development. In an *Arabidopsis* mutant, floral organs are distributed as follows:

Whorl 1 (outer most) – carpel
Whorl 2 – stamens
Whorl 3 – stamens
Whorl 4 (inner most) – carpel

Loss of function mutation in which one of the following genes would have caused the above pattern of floral organ development?

1. *APETALA* 2
2. *APETALA* 3
3. *PISTILLATA*
4. *AGAMOUS*

**102**. प्रकाशसंश्लेषी इलैक्ट्रॉन परिवहन में, इलैक्ट्रॉन "Z-स्कीम" में व्यवस्थित वाहकों के ज़रिये यातायात करते हैं। इलैक्ट्रॉन वाह की दिशायें निम्नवत इंगित हैं:

A. $P680 \rightarrow PQ_A \rightarrow PQ_B \rightarrow Cytb_6f \rightarrow Pheo \rightarrow PC \rightarrow P700$
B. $P700 \rightarrow A_0 \rightarrow A_1 \rightarrow FeS_x \rightarrow FeS_A \rightarrow FeS_B \rightarrow Fd$
C. $P680 \rightarrow Pheo \rightarrow PQ_A \rightarrow PQ_B \rightarrow Cytb_6f \rightarrow PC \rightarrow P700$
D. $P700 \rightarrow A_1 \rightarrow A_0 \rightarrow FeS_B \rightarrow FeS_A \rightarrow FeS_X \rightarrow Fd$

निम्न संयोजनों में से कौन-सा सही है?

1. A तथा B
2. B तथा C
3. C तथा D
4. A तथा D

**102**. In photosynthetic electron transport, electrons travel through carriers organized in the "Z-scheme". The following are indicated as directions of electron flow:

A. $P680 \rightarrow PQ_A \rightarrow PQ_B \rightarrow Cytb_6f \rightarrow Pheo \rightarrow PC \rightarrow P700$
B. $P700 \rightarrow A_0 \rightarrow A_1 \rightarrow FeS_x \rightarrow FeS_A \rightarrow FeS_B \rightarrow Fd$
C. $P680 \rightarrow Pheo \rightarrow PQ_A \rightarrow PQ_B \rightarrow Cytb_6f \rightarrow PC \rightarrow P700$
D. $P700 \rightarrow A_1 \rightarrow A_0 \rightarrow FeS_B \rightarrow FeS_A \rightarrow FeS_X \rightarrow Fd$

Adda247

GET IT ON Google Play



Which one of the following combinations is correct?

1. A and B
2. B and C
3. C and D
4. A and D

**103.** प्रकाश संरचनाविकास का पादपवर्णक माध्यित नियंत्रण कई अन्य जीन प्रकार्यों से संबंधित है। पादपवर्णक कार्य के प्रक्रम के बारे में निम्न कथन किये गये हैं:

A. पादपवर्णक प्रकार्य के लिए COP1, एक E3 युबिक्विटिन लिगेस जो प्रोटीन अवकर्ष करता है, की आवश्यकता है।

B. प्रकाश की उपस्थिति में COP1 का धीरे-धीरे केंद्रक से कोशिका द्रव्य तक निर्यात किया जाता है।

C. प्रकाश की उपस्थिति में अपकर्ष के लिए COP1 द्वारा HY5 लक्ष्यित होता है।

D. प्रकाशसंरचनाविकासी प्रतिक्रिया में सम्मिलित एक अनुलेखन कारक HY5 है।

निम्न संयोजनों में से कौन-सा सही है?

1. A, B तथा C
2. B, C तथा D
3. A, B तथा D
4. A, C तथा D

**103.** Phytochrome-mediated control of photomorphogenesis is linked to many other gene functions. The following statements are made on the mechanism of phytochrome action:

A. Phytochrome function requires COP1, an E3 ubiquitin ligase that brings about protein degradation

B. COP1 is slowly exported from the nucleus to the cytoplasm in the presence of light

C. HY5 is targeted by COP1 for degradation in the presence of light

D. HY5 is a transcription factor involved in photomorphogenetic response

Which one of the following combinations is correct?

1. A, B and C
2. B, C and D
3. A, B and D
4. A, C and D

**104.** $C_4$ कॉर्बन चक्र एक $CO_2$ सांद्रण करता प्रक्रम है जो प्रकाशश्वसन को कम करने विकसित हुआ। $C_4$ पथ के कुछ महत्वपूर्ण पहलू निम्नवत कथित हैं:

A. $C_4$ पादपों के पर्ण क्रैंज़ शारीर रखते हैं, जो पर्णमध्योतक तथा पूलाच्छद कोशिकाओं में भेद करता है।

B. परिधीय पर्णमध्योतक कोशिकाओं में फ़ॉस्फ़ोईनाल पाईरूवेट कॉर्बाक्सिलेस् द्वारा वायुमंडलीय $CO_2$ स्थिरीकरित हो है, एक चार कॉर्बन अम्ल देते हुये।

C. पर्णमध्योतक के आंतरिक परत में चार कॉर्बन अम्ल को NAD-मैलिक एन्ज़ाईम विकॉर्बाक्सिलीकरण करके $CO_2$ को मुक्त करता है।

D. $CO_2$ फिर से पूलाच्छद कोशिकाओं में कैल्विन चक्र द्वारा पुन:स्थिरीकरित होता है।

निम्न संयोजनों में से कौन-सा सही है?

1. B, C तथा D
2. A, B तथा C
3. A, B तथा D
4. A, C तथा D

**104.** The $C_4$ carbon cycle is a $CO_2$ concentrating mechanism evolved to reduce photorespiration. The following are stated as important features of the $C_4$ pathway:

A. The leaves of $C_4$ plants have Kranz anatomy that distinguishes mesophyll and bundle sheath cells.

B. In the peripheral mesophyll cells, atmospheric $CO_2$ is fixed by phosphoenol pyruvate carboxylase yielding a four-carbon acid.

C. In the inner layer of mesophyll, NAD-malic enzyme decarboxylates four-carbon acid and releases $CO_2$.

D. $CO_2$ is again re-fixed though Calvin cycle in the bundle sheath cells.

Which one of the following combinations is correct?

1. B, C and D
2. A, B and C
3. A, B and D
4. A, C and D

**105.** पादप-रोगजनक अन्योन्यक्रिया से संबंधित निम्न कथनों को पढ़ें:

A. सुसंगत रोगजनक से संक्रमण के उपरांत अवाप्त तंत्रिक प्रतिरोध देखा जाता है।

B. सुसंगत रोगजनक से संक्रमण के उपरांत, प्रेरित तंत्रिक प्रतिरोध क्रियान्वित होता है।

C. जीवाणु संक्रमण, प्रभावी प्रवर्तित प्रतिरक्षा (ETI) को प्रेरित कर सकता है, स्थानीय अधिसंवेदनीय अनुक्रिया पर ले जाते हुये।

D. सैलिसिलिक अम्ल के संग्रहण के कारण साईटोसॉल में मुक्तित NPR1 मॉनोमर केंद्रक तक शीघ्रत: स्थानांतरित होते हैं।

उपरोक्त कथनों का कौन-सा संयोजन सही है?

1. A, B तथा C
2. A, C तथा D
3. A, B तथा D
4. B, C तथा D

**105.** Read the following statements related to plant-pathogen interaction

A. Systemic acquired resistance is observed following infection by compatible pathogen
B. Induced systemic resistance is activated following infection by compatible pathogen
C. A bacterial infection can induce effector triggered immunity (ETI) leading to hypersensitive response locally
D. NPR1 monomers that are released in cytosol due to salicylic acid accumulation is rapidly translocated to nucleus

Which combination of above statements is correct?

1. A, B and C
2. A, C and D
3. A, B and D
4. B, C and D

**106.** पादपों में विलेय परिवहन तथा प्रकाश स्वांगीकरण के विभिन्न पहलुओं का वर्णन करते कथन निम्न दिये गये हैं।

A. जीवद्रव्यतंत्वी संपर्कहीन कोशिकाओं के बीच अपसुघटित पोषवाही भारण घटित होता है।
B. विकासशील कायिक अभिगम (उदा. तरूण पर्ण एवं मूल) सामान्यत: संसुघटित पोषवाही विभारण अनुभव करते हैं।
C. मात्र स्रोत तथा अभिगम क्षेत्रों में पोषवाह एवं दारू के बीच जल की गतिशीलता घटती है।
D. जीवद्रव्यतंत्वी संपर्क की अनुपस्थिति में पोषवाह के अंदर शक्करों का संसुघटित भारण घटता है।

सही कथनों के एक संयोजन देनेवाले विकल्प को चुनें:

1. मात्र A तथा C
2. मात्र B तथा C
3. मात्र B तथा D
4. मात्र A तथा B

**106.** Given below are statements describing various features of solute transport and photoassimilate translocation in plants.

A. Apoplastic phloem loading of sucrose happens between cells with no plasmodesmatal connections
B. Growing vegetative sinks (e.g., young leaves and roots) usually undergo symplastic phloem unloading
C. Movement of water between the phloem and xylem occurs only at the source and sink regions
D. Symplastic loading of sugars into the phloem occurs in the absence of plasmodesmatal connections

Select the option that gives a combination of correct statements:

1. Only A and C
2. Only B and C
3. Only B and D
4. Only A and B

**107.** पादपहार्मोनों के नाम स्तंभ I में तथा उनसे संगत पहलू/प्रभाव/प्रकार्य स्तंभ II में निम्न दिये गये हैं

| | I | | II |
|---|---|---|---|
| A | ऑक्सीन | (i) | विलंबित पर्ण जीर्णता |
| B | गिब्बेरेल्लीनस् | (ii) | पर्णों का अधोकुंचीय नमन |
| C | साईटोकाईनीन | (iii) | ध्रुवीय परिवहन |
| D | ऐथिलीन | (iv) | बीज प्रसुप्ति का अपादान |

निम्न दिये गये विकल्पों से संयोजनों के सही समुच्चय को चुनें:

1. A – (iii), B – (ii), C – (iv), D – (i)
2. A – (iv), B – (iii), C – (i), D – (ii)
3. A – (iii), B – (iv), C – (i), D – (ii)
4. A – (i), B – (iv), C – (iii), D – (ii)

**107.** Given below are names of phytohormones in column I and their associated features/effects/functions in column II.

| | I | | II |
|---|---|---|---|
| A | Auxin | (i) | Delayed leaf senescence |
| B | Gibberellins | (ii) | Epinastic bending of leaves |
| C | Cytokinin | (iii) | Polar transport |
| D | Ethylene | (iv) | Removal of seed dormancy |

Select the correct set of combinations from the options given below:

1. A – (iii), B – (ii), C – (iv), D – (i)
2. A – (iv), B – (iii), C – (i), D – (ii)
3. A – (iii), B – (iv), C – (i), D – (ii)
4. A – (i), B – (iv), C – (iii), D – (ii)

**108.** यदि किसी रक्ताधान में A वर्ग का दाता रक्त, B वर्ग रक्त वाले ग्राही को दिया जाता है तो दाता रक्त की लाल रक्त कोशिकायें (RBCs) आश्लिष्ट होती हैं, परंतु ग्राही के RBCs न्यूनतम प्रभावित होंगी। ये प्रेक्षण निम्न कथनों में व्याख्यित हो सकते है:

A. ग्राही के प्लाज़्मा के अग्गलूटिनिन, वर्ग A आश्लेषजनों के साथ बांधकर आश्लेषण कारणित करते हैं।
B. दाता रक्त के अग्गलूटिनिन ग्राही की प्लाज़्मा में तनूकरित हुये, अल्प आश्लेषण में परिणमित ।

Adda247

C. ग्राही के RBCs के अल्प आश्लेषण का प्रति-A अग्गलूटिनिनों के अल्प अनुमाप कारण है।

D. दाता RBCs का उच्च आश्लेषण प्रति-B अग्गलूटिनिनों के उच्च अनुमाप का परिणाम है।

उपरोक्त कथनों में से कौन-सा/से **गलत** है/हैं?

1. मात्र A
2. A तथा B
3. मात्र B
4. C तथा D

**108**. If in a blood transfusion, type A donor blood is given to a recipient having type B blood, the red blood cells (RBCs) of donor blood would agglutinate but the recipient's RBCs would be least affected. These observations can be explained in the following statements:

A. Agglutinins in recipient's plasma caused agglutination by binding with type A agglutinogens

B. The agglutinins of donor blood was diluted in recipient's plasma resulting in low agglutination

C. Low titre of anti-A agglutinins is the cause of low agglutination of recipient's RBCs

D. High agglutination of donor RBCs is the outcome of high titre of anti-B agglutinins

Which of the above statement(s) is/are **INCORRECT**?

1. Only A
2. A and B
3. Only B
4. C and D

**109**. सामान्यत: धमनीय दाब 4 से 6 mm Hg एक तरंग जैसे तरीके से उछलता तथा गिरता है, धमनीय दाब में "श्वसन तरंगों" को कारणित करते हुए। इन तरंगों का संभाव्य प्रक्रम निम्न कथनों में प्रस्तावित है:

A. अंत:श्वसन के दौरान अधिक ऋण आंतरवक्षीय दाब हृदय के वाम भाग पर वापस आते रक्त की मात्रा को कम करता है, क्षयित हृदीय निर्गत को कारणित करके।

B. श्वसन के दौरान आंतरवक्षीय दाब में होते परिवर्तन संवहनी तथा परिकोष्ठी विस्तरण ग्राहियों को उत्तेजित कर सकते हैं, जो हृदयी तथा रक्त वाहिकाओं को प्रभावित करते हैं।

C. मज्जा श्वसनी क्रेंदों की गतिविधि वाहिकाप्रेरक केंद्र को प्रभावित कर सकती है।

D. केंद्रीय तंत्रिकी तंत्र के स्थानिक रक्ततीय दाब नियंत्रण प्रक्रम के दोलन का परिणाम है "श्वसनीय तरंगें"।

उपरोक्त कथनों में कौन-सा/से उपयुक्त **नहीं** है/हैं?

1. मात्र A
2. A तथा B
3. B तथा C
4. मात्र D

**109**. The arterial pressure usually rises and falls 4 to 6 mm Hg in a wave like manner causing "respiratory waves". The probable mechanism of these waves has been proposed in the following statements:

A. The more negative intrathoracic pressure during inspiration reduces the quantity of blood returning to the left side of the heart causing decreased cardiac output.

B. The changes of intrathoracic pressure during respiration can excite vascular and atrial stretch receptors which affect heart and blood vessels.

C. The activity of medullary respiratory centres can influence the vasomotor centre.

D. The "respiratory waves" are outcome of the oscillation of the central nervous system ischemic pressure control mechanism.

Which of the above statement(s) is/are **NOT** appropriate?

1. Only A
2. A and B
3. B and C
4. Only D

**110**. निम्न चित्र में, फ़ेफड़ा कूपिका केशिका के रक्त में नाईट्रस ऑक्साईड़ ($N_2O$) तथा कॉर्बन मॉनोक्साईड़ (CO) का उद्ग्रहण उनके आंशिक दाब के सापेक्ष तथा केशिका में लाल रक्त कोशिका का पारगमन समय दिखाये गये हैं:




निम्न कथनों में $N_2O$ तथा CO के कूपिका गैस विनिमय प्रतिमान में भेद के कारण प्रस्तावित किये गये हैं:

A. रक्त में प्रोटीनों के साथ $N_2O$ रासायनिकत: संयोजित नहीं होता, परंतु रक्त तथा कूपिका गैस के बीच वह शीघ्रत: साम्यावस्थित होता है।

B. रक्त में CO की उच्च विलेयता है।

C. कूपिका केशिका झिल्ली में CO की उच्च विलेयता है।

GET IT ON Google Play

D. कूपिका गैस तथा रक्त के बीच $N_2O$ का विक्षेपण विसरण-परिबंधित माना जाता है।

उपरोक्त कथनों में से कौन-सा/से **गलत** है/हैं?

1. मात्र A
2. A तथा B
3. मात्र C
4. C तथा D

**110.** The uptake of nitrous oxide ($N_2O$) and carbon monoxide (CO) in the blood of lung alveolar capillary relative to their partial pressure and the transit time of red blood cell in capillary is shown in the figure below:




The reasons for difference in the pattern of alveolar gas exchange of $N_2O$ and CO have been proposed in the following statements:

A. $N_2O$ does not chemically combine with proteins in blood but equilibrate rapidly between alveolar gas and blood
B. CO has high solubility in blood
C. CO has high solubility in the alveolar capillary membrane
D. The dispersion of $N_2O$ between alveolar gas and blood is considered as diffusion limited.

Which of the above statement(s) is/are **INCORRECT**?

1. Only A
2. A and B
3. Only C
4. C and D

**111.** मिश्रित तंत्रिका पर बाह्य दाब छूने की संवेदना की क्षति कारणित करता है जबकि सापेक्षत: दर्द संवेदना अटूट रहता है। उसी तंत्रिका पर स्थानीय निश्चेतकों के विनियोग से, दूसरी तरफ, छूने की संवेदना को बनाये रखते हुये दर्द की संवेदना की क्षति को प्रेरित करता है। निम्न कथनों में से ये प्रेक्षण व्यख्यित हो सकते हैं:

A. बाह्य दाब अल्प व्यासी संवेदक तंत्रिका रेशाओं में आवेग की चालकता को क्षति पहुंचता है।
B. स्थानीय निश्चेतक वृहद् व्यासी तंत्रिका रेखाओं में आवेग की चालकता को कम करते हैं।
C. रेखा प्रकार A से छूने से प्रेरित आवेग वहित होते हैं।
D. दर्द संवेदना के लिए रेखा प्रकार C उत्तरदायी है।

उपरोक्त कथनों में से कौन-सा/से **गलत** है/हैं?

1. A तथा B
2. C तथा D
3. मात्र C
4. मात्र D

**111.** External pressure given on a mixed nerve causes loss of touch sensation while pain sensation remains relatively intact. On the other hand application of local anaesthetics on the same nerve, induces loss of pain sensation keeping touch sensation least affected. These observations can be explained by the following statements:

A. External pressure causes loss of conduction of impulses in small diameter sensory nerve fibres
B. Local anaesthetics depress the conduction of impulses in large diameter sensory nerve fibres
C. Touch-induced impulses are carried by fibre type A
D. Fibre type C is responsible for pain sensation

Which of the above statement(s) is/are **INCORRECT**?

1. A and B
2. C and D
3. Only C
4. Only D

**112.** मानव प्रयोग-वस्तु की दृष्टि पर वाम नेत्र क्षेत्र के विक्षत के संभाव्य प्रभाव निम्न दिये गये हैं। सही कथन को पहचानें:

1. वाम नेत्र में अंधापन परंतु दक्षिण नेत्र का दृष्टि क्षेत्र अटूट रहता है।
2. दोनों आंखों के दक्षिण दृष्टि क्षेत्रों में अंधापन।
3. वाम नेत्र दृष्टि क्षेत्र का वामार्ध तथा दक्षिण नेत्र के दृष्टि क्षेत्र का दक्षिणार्ध, दोनों में अंधापन।
4. दोनों आंखों के दृष्टि क्षेत्रों के वामार्धों में अंधापन।

**112.** The probable effects of lesion of left optic tract on the vision of a human subject are given below. Identify the correct statement.

1. Blindness in the left eye but the visual field of right remains intact.
2. Blindness in the right half of the visual fields of both the eyes.
3. Blindness in the left half of the visual field of left eye and blindness in the right half of the visual field of right eye.
4. Blindness in the left half of the visual field of both the eyes.

Adda247

**113.** ऐड्रीनल वल्कुट के ज़ोना ग्लोमेरूलोसा में स्टैराईडजनित पथ को निम्न चित्र दर्शाता है।




*A*, B तथा C क्रमश: किसका प्रतिनिधितव करते हैं?

1. sER, प्रोगेस्टेरोन, 11(OH) कोर्टिसोल
2. सूत्रकणिका, प्रोगेस्टेरोन, कोर्टिकोस्टेरोन
3. सूत्रकणिका, 3β-प्रैग्नेनोलोन, 11(OH) कोर्टिसोल
4. sER, प्रोगेस्टेरोन, कोर्टिकोस्टेरोन

**113.** The following diagram represents steroidogenic pathway in the Zona Glomerulosa of the adrenal cortex:




What do *A*, B and C represent, respectively?

1. sER, Progesterone, 11(OH) cortisol
2. Mitochondria, Progesterone, Corticosterone
3. Mitochondria, 3β-pregnenolone, 11(OH) cortisol
4. sER, Progesterone, Corticosterone

**114.** प्रतिलोमन, विनिमय निरोधक माने जाते हैं क्योंकि

1. समयुग्मी प्रतिलोमन घातक होते हैं, एवं इससे वे अगली पीढ़ी में प्रकट नहीं होते।
2. प्रतिलोमन विषमयुग्मी, अर्थात् एक प्रतिलिपि सामान्य गुणसूत्र तथा उसका समजात प्रतिलोमन के साथ, विनिमय को अनुमत नहीं करते क्योंकि वे कदापि युग्मित नहीं हो सकते।
3. प्रतिलोमन की उपस्थिति के कारण युग्मन एवं विनिमय घटनाओं में चार गुणसूत्र भाग लेते हैं, तथा संरचना को पृथकन एवं युग्मक संरचना के लिए कठिन बना देते हैं।
4. युग्मन तथा विनिमय प्रतिलोमन विषमयुग्मियों में नहीं घटित होते, परंतु युग्मक जिनमें विनिमय उत्पाद उपस्थित हैं, वे घातक होते हैं।

**114.** Inversions are considered as cross-over suppressors because

1. Homozygous inversions are lethal and thus they do not appear in next generation
2. Inversion heterozygotes, i.e., one copy having normal chromosome and its homologue having inversion, does not allow crossing over to occur as they cannot pair at all
3. Due to inversion present, four chromosomes take part in the pairing and crossing over events and make the structure difficult for separation and gamete formation
4. The pairing and crossing overs do occur in inversion heterozygotes but the gametes having cross over products are lethal

**115.** एक शस्य पादप में ऐलीलों का एक युगल बीज आमाप को निर्धारित करता है। मोटी बीज के लिए उत्तरदायी 'B' ऐलील छोटी बीज के लिये उत्तरदायी 'b' ऐलील से प्रभावी है। इस परीक्षण के लिए कि क्या एक पहचानित प्रभावी DNA चिह्नक (5kb बैंड) बीज आमाप को नियंत्रित करने वाले ऐलीलों के साथ सहलग्नित है, एक प्रयोग किया गया। दोनों ऐलील और DNA चिन्हों के लिए विषमयुग्मी एक पादप से एक छोटी बीज पादक जिसमें 5kb बैंड नहीं या साथ प्रसंकरित किया गया। प्रसंकरण प्राप्त 100 संतानों का विश्लेषण DNA चिह्नक की उपस्थिति तथा अनुपस्थिति के लिए किया गया। परिणाम निम्न तालिका में अंकित हैं:

| लक्षणप्ररूप | मोटी बीजवाला पादप | | छोटी बीजवाला पादप | |
|---|---|---|---|---|
| DNA चिह्नक की उपस्थिति या अनुपस्थिति दर्शाते पादपों की संख्या | उप-स्थिति | अनु-पस्थिति | उप-स्थिति | अनु-पस्थिति |
| | 22 | 23 | 27 | 28 |

उपरोक्त प्रेक्षणों के आधार पर, निम्न निष्कर्षों में से कौन-सा सही है?

Adda247
GET IT ON Google Play



1. लक्षणप्ररूप से स्वतंत्र DNA चिह्नक छांटित होते हैं।
2. 5kb बैंड ऐलील 'B'के साथ सहलग्नित है।
3. 5kb बैंड ऐलील 'b'के साथ सहलग्नित है।
4. मोटी बीज से स्वतंत्रत: DNA चिह्नक छांटित होता है, परंतु छोटी बीज की विशेषता से सहलग्नित है।

**115.** A pair of alleles govern seed size in a crop plant. 'B' allele responsible for bold seed is dominant over 'b' allele controlling small seed. An experiment was carried out to test if an identified dominant DNA marker (5kb band) is linked to alleles controlling seed size. A plant heterozygous for the marker and the alleles was crossed to a small seeded plant lacking the 5kb band. 100 progeny obtained from the cross were analysed for the presence and absence of the DNA marker. The results are tabulated below:

| Phenotype | Plant with bold seed | | Plant with small seed | |
|---|---|---|---|---|
| | Present | Absent | Present | Absent |
| No. of progeny showing presence or absence of DNA marker | 22 | 23 | 27 | 28 |

Based on the above observations which one of the following conclusions is correct?
1. The DNA marker assorts independently of the phenotype
2. The 5kb band is linked to the allele 'B'
3. The 5kb band is linked to the allele 'b'
4. The DNA marker assorts independently with bold seed but is linked to the small seed trait

**116.** तीन *met*⁻ *E. coli* उत्परिवर्ती प्रभेद अलग किये गये। उत्परिवर्तन के स्वभाव के अध्ययन हेतु इन उत्परिवर्ती प्रभेदों का EMS या प्रोफ़्लेविनस् उत्परिवर्तजनों के साथ उपचार किया गया, तथा प्रत्यावर्तों के लिए अंकित किया गया। परिणाम निम्नवत सारांशित हैं:

| Mutant strain | Mutagen treatment | |
|---|---|---|
| | **EMS** | **Proflavin** |
| | | |
| **A** | - | + |
| **B** | + | - |
| **C** | - | - |

( मूल उत्परिवर्तियों के प्रत्यावर्तों को + तथा कोई प्रत्यावर्त उपस्थित नहीं को– से निर्दिष्ट किया गया है)

उपरोक्त तथा EMS एवं प्रोफ़्लेविन के लक्षणी उत्परिवर्तजनी प्रभावों के आधार पर हर प्रभेद में मूल उत्परिवर्तन का क्या स्वभाव था?
1. A-विषमोत्परिवर्तन
   B- एक क्षारक का निवेश या लोपन
   C- बहुल क्षारकों का लोपन
2. A-समोत्परिवर्तन
   B- विषमोत्परिवर्तन
   C- एक क्षारक का निवेश या लोपन
3. A- एक क्षारक का निवेश या लोपन
   B- समोत्परिवर्तन
   C- बहुल क्षारकों का लोपन
4. A- समोत्परिवर्तन
   B- एक क्षारक का निवेश या लोपन
   C- विषमोत्परिवर्तन

**116.** Three *met*⁻ *E. coli* mutant strains were isolated. To study the nature of mutation these mutant strains were treated with mutagens EMS or proflavins and scored for revertants. The results obtained are summarized below:

| Mutant strain | Mutagen treatment | |
|---|---|---|
| | **EMS** | **Proflavin** |
| | | |
| **A** | - | + |
| **B** | + | - |
| **C** | - | - |

( + stands for revertants of the original mutants and – stands for no revertants obtained)

Based on the above and the typical mutagenic effects of EMS and proflavin, what was the nature of the original mutation in each strain?
1. A-Transversion
   B- Insertion or deletion of a single base
   C- Deletion of multiple bases
2. A-Transition
   B- Transversion
   C- Insertion or deletion of a single base
3. A-Insertion or deletion of a single base
   B- Transition
   C- Deletion of multiple bases
4. A- Transition
   B- Insertion or deletion of multiple bases
   C- Transversion

**117.** निम्न योजना एक आम संदर्भ बिंदु से $T_4$ विभोजी के *rII* विस्थल में लोपन (1-4) का प्रतिनिधित्व करती है:




(The bars represent the extent of deletion in each case)

वन्य प्रकार (*rII*$^+$) के पुन:संयोजनियों को प्रदान करने का सामर्थ्य (+) या असमर्थता (-) के लिए चार बिंदु उत्परिवर्तनों (a से d तक) का, चार लोपनों के विरूद्ध परीक्षण किया जाता है। परिणाम निम्न संक्षेपित हैं।

| | a | b | c | d |
|---|---|---|---|---|
| 1 | + | + | + | + |
| 2 | + | + | + | - |
| 3 | + | - | + | - |
| 4 | - | - | + | - |

उपरोक्त के आधार पर बिंदु उत्परिवर्तनों का पूर्वानुमानित क्रम है:

1. b-d-a-c
2. d-b-a-c
3. d-b-c-a
4. c-d-a-b

**117.** The following scheme represents deletions (1-4) in the *rII* locus of phage $T_4$ from a common reference point:




(The bars represent the extent of deletion in each case)

Four point mutations (a to d) are tested against four deletions for their ability (+) or inability (-) to give wild type (*rII*$^+$) recombinants. The results are summarized below:

| | a | b | c | d |
|---|---|---|---|---|
| 1 | + | + | + | + |
| 2 | + | + | + | - |
| 3 | + | - | + | - |
| 4 | - | - | + | - |

Based on the above the predicted order of the point mutations is

1. b-d-a-c
2. d-b-a-c
3. d-b-c-a
4. c-d-a-b

**118.** निम्न वंशावली किसी विशेषक के वंशागति प्रतिमान को दर्शाती है।



वंशागति की ढ़ंग तथा इसकी प्रायिकता कि III पीढ़ी में पुत्री वह विशेषक दर्शायेगी, इनका अनुमान कीजिये।

1. X-संलग्नित अप्रभावी, प्रायिकता 1/2 है।
2. X-संलग्नित अप्रभावी, प्रायिकता 1/4 है।
3. अलिंगसूत्री अप्रभावी, प्रायिकता 1/2 है।
4. अलिंगसूत्री अप्रभावी, प्रायिकता 1/3है।

**118.** The following pedigree shows the inheritance pattern of a trait.



From the following select the possible mode of inheritance and the probability that the daughter in generation III will show the trait.

1. X-linked recessive, probability is 1/2
2. X-linked recessive, probability is 1/4
3. Autosomal recessive, probability is 1/2
4. Autosomal recessive, probability is 1/3

**119.** तीन अलग *Hfr* प्रभेदों के उपयोग से अंतरायित संगम प्रयोग किये गये। तीनों (1 -3) प्रभेद वरणीय चिह्नकों के अलग संयोजन रखते हैं। निम्न तालिका में हर प्रभेद के लिए हर चिह्नक का प्रवेश समय दर्शाया गया है।

| Strain | Time of entry | | | | |
|---|---|---|---|---|---|
| *Hfr #1* | *met* (5') | *thr* (17') | *str*$^r$ (25') | *phe* (30') | *pro* (45') |
| *Hfr #2* | *str*$^r$ (15') | *pur* (28') | *pro* (35') | *his* (45') | *met* (55') |
| *Hfr #3* | *pro* (2') | *his* (12') | *met* (22') | *str*$^r$ (42') | *phe* (47') |

उपरोक्त आंकड़ों के उपयोग से, *E. coli* गुणसूत्र पर चिह्नकों के सही क्रम का पूर्वानुमान करें

1. *met-thr-str*$^r$*-phe-pro-pur*$^r$*-his*
2. *pur*$^r$*-pro-his-met-thr-str*$^r$*-phe*
3. *str*$^r$*-pur*$^r$*-his-met-phe-pro-str*$^r$
4. *his-met-phe-thr-pro-str*$^r$*-pur*$^r$

GET IT ON Google Play

**119.** Interrupted mating experiments were performed using three different *Hfr* strains (1 -3). The three strains have different combinations of selectable markers. The time of entry for markers for each strain is shown in the table below:

| Strain | Time of entry | | | | |
|---|---|---|---|---|---|
| *Hfr #1* | *met* (5') | *thr* (17') | $str^r$ (25') | *phe* (30') | *pro* (45') |
| *Hfr #2* | $str^r$ (15') | *pur* (28') | *pro* (35') | *his* (45') | *met* (55') |
| *Hfr #3* | *pro* (2') | *his* (12') | *met* (22') | $str^r$ (42') | *phe* (47') |

Using the above data, predict the correct sequence of markers on the *E. coli* chromosome.

1. *met-thr-*$str^r$*-phe-pro-*$pur^r$*-his*
2. $pur^r$*-pro-his-met-thr-*$str^r$*-phe*
3. $str^r$-$pur^r$*-his-met-phe-pro-*$str^r$
4. *his-met-phe-thr-pro-*$str^r$-$pur^r$

**120.** पेरिपेटस एक दिलचस्प जीवित प्राणी है जिसके बिना संधि के पैर, वृक्क, रक्तगुहा, श्वासप्रणाल, पृष्ठीय नलिकाई हृदय, पंजे, जबड़ा शरीर-भित्ति में संतत पेशी परतें हैं। इसको इन दोनों के बीच का संयोजी बंध माना जाता है।

1. गोलकृमि तथा ऐनेलिड़ा: शरीर-भित्ति में संतत पोशी परतें, बिना संधि के पैर तथा वृक्क गोलकृमि के लक्षण हैं जबकि रक्तगुहा, श्वासप्रणाल तथा पृष्ठीय नलिकाई हृदय ऐनेलिड़ा के लक्षण हैं।
2. ऐनेलिड़ा तथा संधिपाद: बिना संधि के पैर, तथा वृक्क ऐनेलिड़ा के लक्षण हैं जबकि पंजे, जबड़े, रक्तगुहा, श्वासप्रणाल तथा पृष्ठीय नलिकाई हृदय संधिपाद के लक्षण हैं।
3. संधिपाद तथा मृदुकवची: बिना संधि के पैर तथा वृक्क मृदुकवचियों के लक्षण हैं जबकि पंजे, जबड़े, श्वासप्रणाल तथा पृष्ठीय नलिकाई हृदय संधिपाद के लक्षण हैं।
4. गोलकृमि तथा संधिपाद: संतत पेशी परतें, बिना संधि के पैर, तथा वृक्क गोलकृमि के लक्षण हैं जबकि पंजे, जबड़े, श्वासप्रणाल तथा पृष्ठीय नलिकाई हृदय संधिपाद के लक्षण हैं।

**120.** Peripatus is an interesting living animal having unjointed legs, nephridia, haemocoel, trachea, dorsal tubular heart, claws, jaws, continuous muscle layers in body wall. This is considered as a connecting link between

1. Nematoda and Annelida: continuous muscle layers in body wall, unjointed legs and nephridia being nematode characters while haemocoel, trachea and dorsal tubular heart being annelid characters
2. Annelida and Arthropoda: unjointed legs and nephridia being annelid characters while claws, jaws, haemocoel, trachea and dorsal tubular heart being arthropod characters
3. Arthropoda and Mollusca: unjointed legs and nephridia being mollusca characters while claws, jaws, trachea and dorsal tubular heart being arthropod characters
4. Nematoda and Arthropoda: continuous muscle layers, unjointed legs and nephridia being nematode characters while claws, jaws, trachea and dorsal tubular heart being arthropod characters.

**121.** निम्न व्यवस्थात्मक चित्र आवृतबीजियों में द्वितीयक विकास का प्रतिनिधित्व करता है।




उपरोक्त योजना के आधार पर A, B, C तथा D से लेबलित एधाओं का सही प्रतिनिधित्व निम्न विकल्पों में से कौन-सा करता है?

1. A – अंतरापूलीय, B – पूलीय, C – संवहनी, D – काग
2. A – पूलीय, B – अंतरापूलीय, C – संवहनी, D – काग
3. A – काग, B – अंतरापूलीय, C – पूलीय, D – संवहनी
4. A – काग, B – पूलीय, C – अंतरापूलीय, D – संवहनी

**121.** The following schematic diagram represents secondary growth in the angiosperms.




Based on the above scheme, which of the following options represents the correct identity of cambia labelled as A, B, C and D.

1. A – Inter-fascicular, B – Fascicular, C – Vascular, D – Cork
2. A – Fascicular, B – Inter-fascicular, C – Vascular, D – Cork

GET IT ON Google Play



3. A – Cork, B – Inter-fascicular, C – Fascicular, D – Vascular
4. A – Cork, B – Fascicular, C – Inter-fascicular, D – Vascular

**122.** निम्न तालिका प्रमुख कवकी समूहों तथा उनके लक्षणों की सूची प्रदान करती है:

| | **कवकी समूह** | | **लक्षण** |
|---|---|---|---|
| A | ऐसकोमाइसिटी | (i) | कवक तंतु पटहीन संकोशिकी बीजाणुधानी धर द्वारा अलैंगिक जनन |
| B | काईट्रिड़ | (ii) | कवक तंतु पटहीन, संकोशिकी; अलैंगिक चल बीजाणु द्वारा अलैंगिक जनन |
| C | ग्लोमेरामाइसिटी | (iii) | कवक तंतु पटहीन, संकोशिकी; कोई लैंगिक बीजाणु नहीं |
| D | ज़ाईगोमाइसिटी | (iv) | कवक तंतु पटयुक्त या एककोशिकाई; कोनिडिया द्वारा अलैंगिक जनन |

निम्न विकल्पों में से कौन-सा कवकी समूह तथा उनके लक्षणों के उपयुक्त मेलान का प्रतिनिधित्व करते हैं?

1. A – (ii), B – (iii), C – (i), D – (iv)
2. A – (iv), B – (ii), C – (iii), D – (i)
3. A – (i), B – (iv), C – (iii), D – (ii)
4. A – (ii), B – (iv), C – (iii), D – (i)

**122.** The table below lists the major fungal groups and their characteristics:

| | **Fungal Groups** | | **Characteristics** |
|---|---|---|---|
| A | Ascomycota | (i) | Hyphae aseptate, coenocytic; asexual reproduction by sporangiophores |
| B | Chytrids | (ii) | Hyphae aseptate, coenocytic; asexual reproduction by zoospores |
| C | Glomeromycetes | (iii) | Hyphae aseptate, coenocytic; no sexual spores |
| D | Zygomycetes | (iv) | Hyphae septate or unicellular; asexual reproduction by conidia |

Which one of the following options represents the appropriate match between the fungal group and their characteristics?

1. A – (ii), B – (iii), C – (i), D – (iv)
2. A – (iv), B – (ii), C – (iii), D – (i)
3. A – (i), B – (iv), C – (iii), D – (ii)
4. A – (ii), B – (iv), C – (iii), D – (i)

**123.** एक जैववैज्ञानिक होकर आप तीन टैक्सा A, B तथा C का वर्गीकरण करना चाहते हैं। आपके पास तीन विशेषकों p, q तथा r के बारे में सूचना है। विशेषक जो पैतृक है, '0' गिना जाता है तथा विशेषक जो व्युतपन्न है, '1' गिना जाता है। तीनों टैक्सों में पाये गये विशेषकों का बंटन निम्नवत है:

| | A | B | C |
|---|---|---|---|
| p | 1 | 1 | 0 |
| q | 1 | 1 | 0 |
| r | 0 | 1 | 1 |

उपरोक्त तालिका के आधार पर, निम्न शाखापट खींचे गये।




विशेषक बंटन तथा मितव्यय सिद्धांत के आधार पर, सही विकल्प को चुनें।

1. 'a' तथा 'b' दोनों शाखापट संभव हैं।
2. मात्र 'b' शाखापट संभव हैं।
3. मात्र 'c' शाखापट संभव हैं।
4. मात्र 'a' शाखापट संभव हैं।

**123.** As a biologist, you want to classify three taxa, A, B and C. You have the information on three traits, p, q and r. The trait that is ancestral is counted '0' and the trait that is derived is counted as '1'. The distribution of traits found in three taxa is given below

| | A | B | C |
|---|---|---|---|
| p | 1 | 1 | 0 |
| q | 1 | 1 | 0 |
| r | 0 | 1 | 1 |

Based on the above table, the following cladograms were drawn:




Based on trait distribution and the principle of parsimony, select the correct option.
1. Both ‘a’ and ‘b’ cladograms are possible
2. Only ‘b’ cladogram is possible
3. Only ‘c’ cladogram is possible
4. Only ‘a’ cladogram is possible

**124.** कुछ विकृतिजन तथा मानव, प्राणी तथा पादपों के रोग निम्न दिये गये हैं।

| | | | |
|---|---|---|---|
| A | *बोर्डेटेल्ला पेर्टुस्सिस* | (i) | मानव का लाइम रोग |
| B | *टिल्लेटिया इंडिका* | (ii) | चावल में अनाज सड़न |
| C | *बोर्रेलिया बुर्गडोर्फरी* | (iii) | गेहूं का कर्नाल बंट रोग |
| D | *ऐनाप्लाज़्मा मार्जिनाली* | (iv) | मानव में कुकुरखांसी |
| E | *बुर्खोल्डेरिया ग्लूमी* | (v) | गाय-बैलों में रूधिरलयनी रक्तक्षीणता |

विकृतिजन तथा प्रेरित रोग का सही मेलान निम्न में से कौन-सा है?
1. A – (iv), B – (iii), C – (i), D – (v), E – (ii)
2. A – (iv), B – (v), C – (i), D – (ii), E – (iii)
3. A – (iii), B – (iv), C – (v), D – (i), E – (ii)
4. A – (ii), B – (v), C – (i), D – (iii), E – (iv)

**124.** Given below are some pathogens and diseases of humans, animals and plants.

| | | | |
|---|---|---|---|
| A | *Bordetella pertussis* | (i) | Lyme disease of humans |
| B | *Tilletia indica* | (ii) | Grain rot in rice |
| C | *Borrelia burgdorferi* | (iii) | Karnal bunt of wheat |
| D | *Anaplasma marginale* | (iv) | Whooping cough in humans |
| E | *Burkholderia glumae* | (v) | Hemolytic anemia in cattle |

Which one of the following is the correct match between the pathogen and disease caused?
1. A – (iv), B – (iii), C – (i), D – (v), E – (ii)
2. A – (iv), B – (v), C – (i), D – (ii), E – (iii)
3. A – (iii), B – (iv), C – (v), D – (i), E – (ii)
4. A – (ii), B – (v), C – (i), D – (iii), E – (iv)

**125.** जीवन के तीन क्षेत्रों पर पड़नेवाले जीवों के बारे में निम्न कथन दिये गये हैं। **गलत** कथन को पहचानें:
1. जीवाणु तथा सुकेंद्रकों से असदृश, कुछ आध्य झिल्ली लिपिड़ लंबी शृंखला हाईड्रोकॉर्बन अंतर्विष्टित करते हैं जो ईथर संलग्नन द्वारा ग्लिसेरॉल अणुओं के साथ बंधित है।
2. पैप्टिडोग्लाईकनस् आध्यों की कोशिका भित्ति में अनुपस्थित हैं।
3. प्रोटियोजीवाणु, सल्फ़र उपयोग करते, जीवाणुक्लोरोफ़िल रखते प्रकाशस्वपोषियों की कई प्रजातियों को शामिल करते हैं।
4. माईकोप्लाज़्मा, कम GC मात्रा का एक समूह, ग्राम-धन जीवाणु जिनकी कोशिका-भित्ति नहीं है, उसी कुटुंब से संबंधित हैं जैसे कि ग्राम-धन माइकोजीवाणु।

**125.** Given below are statements pertaining to organisms belonging to three domains of life. Identify the **INCORRECT** statement.

1. Unlike Bacteria and Eukarya, some Archaeal membrane lipids contain long chain hydrocarbons connected to glycerol molecules by ether linkage.
2. Peptidoglycans are absent in the cell wall of Archaea
3. Proteobacteria include many species of bacteriochlorophyll-containing, sulphur using photoautotrophs.
4. Mycoplasma, a group of low GC content, gram positive bacteria that lack cell wall, belong to the same family as the gram positive Mycobacteriaceae

**126.** आप यह प्रेक्षण करते हैं कि नाकचिमटी की दो प्रजातियां, प्रजाति 1 तथा प्रजाति 2, अंतराज्वारीय शैलों की क्रमश: ऊपरी तथा निचली परतों में निवास करती हैं। जब आपसे प्रजाति 2 निचली परत से निकाल दी जाती है, तभी प्रजाति 1 ऊपरी तथा निचली, दोनों परतों में निवास कर सकती है। इन प्रेक्षणों से आपका निष्कर्ष निम्न दिये गये विकल्पों में से क्या होगा?

GET IT ON Google Play

1. प्रजाति 1 की प्राप्त ताखा है अंतराज्वारीय शैल की उपरी परत।
2. प्रजाति 1 की मूलभूत ताखा है अंतराज्वारीय शैल की ऊपरी परत।
3. प्रजाति 1 तथा प्रजाति 2 सहोपकारिता दर्शाती हैं।
4. प्रजाति 1, प्रजाति 2 के साद प्रतिस्पर्द्धा करके उसे हरा सकती है।

**126.** You observed that two species of barnacles, species 1 and species 2, occupy upper and lower strata of intertidal rocks, respectively. Only when species 2 was removed by you from the lower strata, species 1 could occupy both the upper and lower strata. From the choices given below, what would be your inference from these observations?
1. Upper strata of the intertidal rock is the realized niche of species 1
2. Upper strata of the intertidal rock is the fundamental niche of species 1
3. Species 1 and species 2 exhibit mutualism
4. Species 1 can compete out species 2

**127.** एक प्राकृतिक तंत्र में, एक बहुसंतानी प्रजाति, अल्प या बिना कोई पैतृक देख-भाल की, निम्न प्रकार की उत्तरजीविता वक्रों में से, सामान्यत: किसको दर्शायेगी?




**127.** In a natural system, a species producing large numbers of offsprings, with little or no parental care, generally exhibits which one of the following kind of survivorship curves?







**128.** शीतोष्ण घासभूमियों के सही स्थानीय नामों को अपने भूगोलीय परिसर के साथ सुमेलित करें:

| भूगोलीय परिसर | | घासभूमि का स्थानीय नाम | |
|---|---|---|---|
| (i) | एशिया | A | पांपास् |
| (ii) | उत्तर अमेरिका | B | प्रेयरीस् |
| (iii) | दक्षिण अमेरिका | C | स्टेप्पीस् |
| (iv) | दक्षिण अफ्रीका | D | वेल्ड्ट् |

1. (i) – C, (ii) – B, (iii) – D, (iv) – A
2. (i) – C, (ii) – B, (iii) – A, (iv) – D
3. (i) – D, (ii) – B, (iii) – A, (iv) – C
4. (i) – B, (ii) – C, (iii) – A, (iv) – D

**128.** Match the correct local names of temperate grasslands with their geographical range.

| Geographical range | | Local name of the grassland | |
|---|---|---|---|
| (i) | Asia | A | Pampas |
| (ii) | North America | B | Prairies |
| (iii) | South America | C | Steppes |
| (iv) | South Africa | D | Veldt |

1. (i) – C, (ii) – B, (iii) – D, (iv) – A
2. (i) – C, (ii) – B, (iii) – A, (iv) – D
3. (i) – D, (ii) – B, (iii) – A, (iv) – C
4. (i) – B, (ii) – C, (iii) – A, (iv) – D

**129.** किसी प्रजाति के लिए परिकल्पित जीवन तालिका निम्नवत है:

| आयु वर्ग (x) | जीवितों की संख्या ($n_x$) | मरने वालों की संख्या ($d_x$) | आयु-विशिष्ट उत्तर-जीविता ($l_x$) | आयु-विशिष्ट जनन क्षमता ($m_x$) |
|---|---|---|---|---|
| 0 – 5 | 100 | 50 | | 0.0 |
| 5 – 10 | 50 | | 0.5 | 0.5 |
| 10 – 15 | | 10 | | 0.5 |
| 15 – 20 | 20 | 10 | 0.2 | 1.0 |
| 20 – 25 | | 10 | | 1.0 |

निम्न में से कौन-सा सही शुद्ध प्रजनन गति है ($R_o$)?

1. 0.0
2. 0.3
3. 0.7
4. 1.5

**129**. Following is a hypothetical life table for a species.

| Age class (x) | Number alive ($n_x$) | Number dying ($d_x$) | Age specific survivor-ship ($l_x$) | Age specific fertility ($m_x$) |
|---|---|---|---|---|
| 0 – 5 | 100 | 50 | | 0.0 |
| 5 – 10 | 50 | | 0.5 | 0.5 |
| 10 – 15 | | 10 | | 0.5 |
| 15 – 20 | 20 | 10 | 0.2 | 1.0 |
| 20 – 25 | | 10 | | 1.0 |

Which one of the following is the correct net reproductive rate ($R_o$)?

1. 0.0
2. 0.3
3. 0.7
4. 1.5

**130**. किसी बिंदु-स्रोत से प्रदूषकों को प्राप्त करती एक जल सरिता के विलीन ऑक्सीजन (DO) तथा जैव ऑक्सीजन मांग (BOD) में प्रवृत्तियों के लिए निम्न कथनों में से कौन-सा सही है?

1. किसी पूतिक क्षेत्र में, DO तथा BOD दोनों के स्तर स्तब्ध रहते हैं।
2. किसी पुन:प्राप्ति क्षेत्र में DO तथा BOD दोनों के स्तर तेजी से बढ़ते हैं।
3. किसी अपघटन क्षेत्र में DO स्तर तेजी से गिरता है, जबकि BOD स्तर लगभग स्थायी रहता है।
4. किसी पूतिक क्षेत्र में DO स्तर घटता है तथा BOD स्तर वृद्धित होता हैं, जबकि किसी पुन:प्राप्ति क्षेत्र में DO वृद्धित होता है तथा BOD घटता है।

**130**. Which one of the following statements is true for the trends of Dissolved Oxygen (DO) and Biological Oxygen Demand (BOD) in a water stream receiving pollutants from a point source?

1. In septic zone, both DO and BOD levels remain stationary
2. In recovery zone, both DO and BOD levels increase rapidly
3. In decomposition zone, DO level drops rapidly, whereas BOD level remains more or less stable
4. In septic zone, DO level decreases and BOD level increases whereas in recovery zone DO increases and BOD decreases

**131**. प्रजाति-प्रचुरता (X-अक्ष) तथा समुदाय सेवा (Y-अक्ष) के बीच संभाव्य संबंधों की व्याख्या हेतु प्रस्तावित विभिन्न परिकल्पनाओं के आलेखीय प्रतिनिधित्व निम्नवत हैं।




परिकल्पना तथा आलेखीय प्रतिनिधित्व के बीच सही मेलान निम्न विकल्पों में से कौन-सा है?

1. (a) अतिरिक्तता, (b) कुंजीशिला, (c) कीलक, (d) विलक्षणतायी
2. (a) विलक्षणतायी, (b) कीलक, (c) कुंजीशिला, (d) अतिरिक्तता
3. (a) कीलक, (b) अतिरिक्तता, (c) विलक्षणतायी, (d) कुंजीशिला
4. (a) कीलक, (b) कुंजीशिला, (c) अतिरिक्तता, (d) विलक्षणतायी

**131**. Following are the graphical representations of various hypotheses proposed for explaining the possible relationships between species richness (X-axis) and community services (Y-axis).



GET IT ON Google Play

Which of the following options is the correct match between the graphical representations and the hypotheses?

1. (a) Redundancy, (b) Keystone, (c) Rivet, (d) Idiosyncratic
2. (a) Idiosyncratic, (b) Rivet, (c) Keystone, (d) Redundancy
3. (a) Rivet, (b) Redundancy, (c) Idiosyncratic, (d) Keystone
4. (a) Rivet, (b) Keystone, (c) Redundancy, (d) Idiosyncratic

**132.** निम्न चित्र निम्न विभिन्न समय बिंदुओं पर जैव लयों का प्रतिनिधित्व करता है: SR = सूर्योदय; N = मध्याह्न; SS = सूर्यास्त; MN = अर्धरात्री




ऊपर दिए गए चित्र में कौनसा समयबद्ध जैव लयों प्रतिनिधित्व करता/करते है/हैं?

1. चित्र B
2. चित्र A तथा C
3. चित्र C तथा D
4. चित्र D

**132.** Following are the plots representing biological rhythms at different time points depicted as: SR = Sunrise; N = Noon; SS = Sunset; MN = Midnight




Which of the plot(s) represent the ultradian biological rhythm(s)?

1. Plot B
2. Plots A and C
3. Plots C and D
4. Plot D

**133.** अविषालु तितलियों की एक आबादी कुछ अतिविषालु तितलियों के समरूप वर्ण-प्रतिमान रखती हैं। मानें कि अविषालु तितलियों की संख्या विषालु तितलियों की संख्या की अपेक्षा कहीं अधिक हैं। इसके दिये जाने पर, किसी परभक्षी की उपस्थिति में विषालु तितलियों के आबादी की स्वस्थता पर इस अनुहरण का क्या संघात होगा?

1. यह स्वस्थता को कम करेगा, अर्थात् नकल करने वाले की स्वस्थता ऋणतः बारंबारिता-निर्भर है।
2. यह स्वस्थता को वृद्धित करेगा, अर्थात् नकल करने वाले की स्वस्थता धनतः बारंबारिता-निर्भर है।
3. यह स्वस्थता पर कोई असर नहीं करेगा, अर्थात् नकल करने वाले की स्वस्थता बारंबारिता से स्वतंत्र है।
4. यह स्वस्थता को वृद्धित करेगा, अर्थात् नकल करने वाले की स्वस्थता ऋणतः बारंबारिता-निर्भर है।

**133.** A population of non-poisonous butterflies have the same colour pattern as some highly poisonous butterflies. Assume that the population of non-poisonous butterflies is higher than the population of poisonous butterflies. Given this, what will be the impact of this mimicry on the fitness of the population of the poisonous butterflies in the presence of the predator?

1. It will lower the fitness, that is, fitness of the mimic is negatively frequency-dependent
2. It will increase the fitness, that is, fitness of the mimic is positively frequency-dependent
3. It will not affect the fitness, that is, fitness of the mimic is frequency independent
4. It will increase the fitness, that is, fitness of the mimic is negatively frequency-dependent

**134.** भूवैज्ञानिक समय आमाप की समयावधि के दौरान आकृति-मूलक परिवर्तनों का आलेखीय प्रतिनिधित्व निम्न दिया गया है, जहां आबादी A वंशागत आकृति-मूलक परिवर्तनों के संग्रहण द्वारा एक सुस्पष्ट प्रजाति B को जन्म देती है। प्रजाति B एक सुस्पष्ट प्रजाति $B_2$ में विभाजित होती है।




शाखजनन द्वारा प्रजातीकरण के प्रतिमान को उपरोक्त वंशागतियों में से कौन-से करती हैं?

1. वंशागति - 1
2. दोनों, वंशागतियां 1 तथा 2
3. वंशागति 2
4. दोनों, वंशागतियों 1 तथा 2 में कोई भी नहीं

**134.** Given below is a graphical representation of changes in morphological features over a period of geological time scale, where population A accumulates heritable morphological changes and give rise to a distinct species B. Population B splits into a distinct species $B_2$




Which of the above lineages represent the pattern of speciation by cladogenesis?

1. Lineage 1
2. Both the lineages 1 and 2
3. Lineage 2
4. Neither of the lineages 1 and 2

**135.** मानव में लाल रोम एक अप्रभावी विशेषक है। हार्डी-वेन्बर्ग साम्यावस्था में रहती एक यादृच्छिकत: संगम करती आबादी में, लगभग 9% व्यक्ति लाल रोम वाले हैं। विषमयुग्मजों की बारंबारिता क्या है?

1. 81%
2. 49%
3. 42%
4. 18%

**135.** Red hair is a recessive trait in humans. In a randomly mating population in Hardy-Weinberg equilibrium, approximately 9% of individuals are red-haired. What is the frequency of heterozygotes?

1. 81%
2. 49%
3. 42%
4. 18%

**136.** 6129 व्यक्तियों की एक आबादी में M-N रुधिर प्रकारों की बारंबारिता निम्नवत है:

| रुधिर प्रकार | जीन प्ररूप | व्यक्तियों की संख्या |
|---|---|---|
| M | $L^M L^M$ | 1787 |
| MN | $L^M L^N$ | 3039 |
| N | $L^N L^N$ | 1303 |

$L^N$ ऐलील की इस आबादी में बारंबारिता है:

1. 0.4605
2. 0.2121
3. 0.5395
4. 0.2911

**136.** The frequency of M-N blood types in a population of 6129 individuals is as follows:

| Blood type | Genotype | Number of individuals |
|---|---|---|
| M | $L^M L^M$ | 1787 |
| MN | $L^M L^N$ | 3039 |
| N | $L^N L^N$ | 1303 |

The frequency of $L^N$ allele in this population is

1. 0.4605
2. 0.2121
3. 0.5395
4. 0.2911

**137.** *मईफ़ेर* जीन (परिकाल्पनिक) में अनुलेख कारकों की एक अतिकुटुंब सम्मिलित है। स्तनियों में वे 4 गुच्छों में पाये जाते हैं; कीटों में 2 गुच्छों में तथा कीटों के एक पूर्वज में एकल गुच्छ में। ये आंकड़े निम्न सभी व्याख्याओं के साथ अविरोधी है, **सिवाय इसके:**

1. पूर्वज जीव तथा कशेरूकियों के बीच दो उत्तरोत्तर संजीन अनुलिपिकरण घटनायें घटीं।
2. कशेरूकियों के अपसरण के पूर्व प्रथम अनुलिपिकरण के घटित होने की संभावना है।
3. मात्र बहिरेक पुनर्योजन ने ऐसे गुच्छे को उत्पादित किया।
4. संपूर्ण संजीन अनुलिपिकरण ऐसे प्रेक्षणों में परिणमित हो सकते हैं।

**137.** *Mayfair* genes (hypothetical) consist of a super family of transcription factors. They are found in 4 clusters in mammals; in 2 clusters in insects; and in a single cluster in an ancestor to insects. These data are consistent with all of the following explanations **EXCEPT**:

1. Two successive genome duplication events occurred between ancestral organism and vertebrates
2. The first duplication may have taken place before divergence of vertebrates

3. Exon shuffling exclusively produced such cluster
4. Whole genome duplications could lead to such observations

**138.** किसी झिल्ली में अणुओं के विसरण के आकलन के लिए एक विधि है प्रकाश-विरंजन के उपरांत प्रतिदीप्ति पुन:प्राप्ति (FRAP) है। ऐसे प्रतिदीप्तित: लेबलित अणु
i. हरे प्रतिदीप्तक प्रोटीन (GFP) से चिह्नित एक ग्राही
ii. GFP से चिह्नित एक ग्राही जो कोशिकापंजर के साथ अन्योन्यक्रिया करता है
iii. एक चिह्नित वसा
iv. झिल्ली की सतह के साथ बंधित होनेवाला एक चिह्नित प्रोटीन,

के विसरण गुणांकों के आकलन के लिए, प्रकाश-विरंजित किये गये तथा पुन:प्राप्ति (a-d) पायी गयी। निम्न आंकड़े पाये गये:




संयोजनों में से कौन-सा सही है?
1. a = i; b = ii
2. b = iii; a = iv
3. c = iii; d = iv
4. d = ii; b = i

**138.** Fluorescence recovery after photobleaching (FRAP) is a method to estimate the diffusion of molecules in a membrane. Fluorescently labelled molecules such as
i. a receptor tagged with green fluorescent protein (GFP)
ii. a receptor labelled with GFP which interacts with cytoskeleton
iii. a labelled lipid
iv. a labelled protein that binds to the membrane surface

are photobleached and the recovery profiles (a-d) were obtained to estimate their diffusion coefficients.

The following data were obtained:




Which one of the combinations is correct?

1. a = i; b = ii
2. b = iii; a = iv
3. c = iii; d = iv
4. d = ii; b = i

**139.** पारजीनी पादपों के जनन के लिए *ऐग्रोबैक्टीरियम* Ti प्लाज़्मिड़ संवाहक काम में लिये जाते हैं। पादपों के अंदर T-DNA के स्थानांतरण के लिए महत्वपूर्ण *vir* जीन कूटलिखित प्रोटीन के निम्न उदाहरण हैं:
A. Vir E, एक एकल-रज्जुक DNA आबंधन प्रोटीन
B. Vir D2, जो T-रज्जुकों का जनन करता है।
C. Vir A, जो पादप-फ़ीनोलिक यौगिकों का बोध कराता है।
D. Vir F, जो प्राटियोसोमों में विनाश के लिए T-संकुल प्रोटीनों का मार्गर्शन करता है।

प्रोटीनों के निम्न संयोजनों में से कौन-सा एक, पादप कोशिकाओं के अंदर कार्य करता है?
1. मात्र A तथा C
2. A, B तथा C
3. मात्र B तथा C
4. A, B तथा D

**139.** *Agrobacterium* Ti plasmid vectors are used to generate transgenic plants. The following are examples of *vir* gene-encoded proteins that are important for the transfer of T-DNA into plants:
A. Vir E, a single-stranded DNA binding protein
B. Vir D2 that generates T-strands
C. Vir A that senses plant phenolic compounds
D. Vir F which directs T-complex proteins for destruction in proteasomes

Which one of the following combinations of proteins functions inside the plant cells?
1. Only A and C
2. A, B and C
3. Only B and C
4. A, B and D

**140.** किसी प्रोटीन में होते संरचनायी परिवर्तनों का एक शोधकर्ता ट्रिप्टोफ़ान प्रतिदीप्ति तथा वृत्तीय द्विवर्णता (CD) के अनुकरण द्वारा अनुसंधान करता है। किसी उपचार के बिना (a), 0.5 मोलार यूरिया की उपस्थिति में (b), ट्रिप्टोफ़ान का एक शमनकर्ता, ऐक्रिलामाईड़ से मिलाने पर (c) तथा ऊष्मन पर (d), एक शुद्ध प्रोटीन की प्रतिदीप्ति एवं CD वर्णमालायें प्राप्त की गयीं। आंकड़े निम्न दर्शाये गये हैं।




निम्न कथनों में से कौन-सा सही है?

1. प्रतिदिप्ति की अपेक्षा संरचनायी परिवर्तनों पर CD कहीं अधिक संवेदनशील है।
2. CD की अपेक्षा संरचनायी परिवर्तनों पर प्रतिदीप्ति कहीं अधिक संवेदनशील है।
3. संरचनाई परिवर्तनों पर दोनों विधियां समानत: प्रभावनीय हैं।
4. प्रोटीन की द्वितीयक संरचना को ऐक्रिलामाईड़ बदल देता है।

**140.** A researcher is investigating structural changes in a protein by following tryptophan fluorescence and by circular dichroism (CD). Fluorescence and CD spectra of a pure protein were obtained in the absence of any treatment (a), in the presence of 0.5 M Urea (b), upon adding acrylamide, a quencher of tryptophan (c) and upon heating (d). The data are shown below:




Which one of the following statements is correct?

1. CD is more sensitive to structural changes than fluorescence
2. Fluorescence is more sensitive to structural changes than CD
3. Both methods are equally responsive to structural changes
4. Acrylamide alters the secondary structure of the protein

**141.** पॉलिन्यूक्लियोटाइड़ शृंखलाओं के अफ़ॉस्फ़ोरिलीकृत 5′- शिरा के फ़ॉस्फोरिलीकरण द्वारा DNA या RNA के रेडियोचिह्नन के लिए प्राय: पालिन्यूक्लियोटाइड़ काइनेस् (PNK) काम आता है। PNK के बारे में किये गये निम्न कथनों में से कौन-सा सही **नहीं** है?

1. ATP से पॉलिन्यूक्लियोटाइड़ शृंखलाओं (DNA या RNA) के 5′-शिरे तक α-फ़ॉस्फ़ेट के स्थानांतरण को PNK उत्प्रेरित करता है।
2. PNK की 3′-फ़ॉस्फ़टेस् गतिविधि है।
3. अम्मोनियम् अयनों के अल्प मात्रा से PNK संदमित होता है।
4. PNK एक T4 बैक्टीरियोफ़ेज-कूटलिखित एन्ज़ाईम है।

**141.** Polynucleotide kinase (PNK) is frequently used for radiolabeling DNA or RNA by phosphorylating 5′- end of non-phosphorylated polynucleotide chains. Which of the following statement about PNK is **NOT** true?

1. PNK catalyzes the transfer of α-phosphate from ATP to 5′-end of polynucleotide chains (DNA or RNA).
2. PNK has 3′-phosphatase activity
3. PNK is inhibited by small amount of ammonium ions
4. PNK is a T4 bacteriophage-encoded enzyme

**142.** T7 RNA पॉलिमरेज़ उन्नायक तथा *lac* संकारक के अंतर्गत प्रोटीन X के लिए कूटलेखन करते एक जीन को एक अभिव्यक्ति संवाहक में क्लोनित किया गया। 37°C पर 6 घंटे के लिए 1 mM IPTG के मिलाने से कोशिकायें प्रेरित की गयीं। कोशिकाओं के लयन करके अविलेय पिंडों तथा कोशिका-मुक्त अधिप्लावी में अपकेंद्रीकरण द्वारा प्रभाजित किये गये। अविलेय पिंडों में प्रोटीन X उपस्थित है। (कोशिका-मुक्त अधिप्लावी) विलेय प्रभाग में प्रोटीन X को अभिव्यक्त करने के प्रयत्न में नीचे दिए गए कौन-सी युद्धनीति का आप उपयोग करेंगे?

Adda247

GET IT ON Google Play



1. 1 mM IPTG से प्रेरण की कालवधि को बढ़ाकर
2. 1 mM IPTG से प्रेरण के उपरांत अल्पतर ताप में कोशिकाओं के विकास से
3. IPTG की सांद्रता को बढ़ाकर
4. 1 mM IPTG से प्रेरण के उपरांत उच्चतर ताप में कोशिकाओं के विकास से

**142.** A gene encoding for protein X was cloned in an expression vector under the T7 RNA polymerase promoter and *lac* operator. Cells were induced by the addition of 1 mM IPTG at 37°C for 6 h. Cells were lysed and fractionated into insoluble bodies and cell-free supernatant by centrifugation. Protein X is present in the insoluble bodies. Which one of the following strategies would you use to express protein X in the soluble fraction (cell-free supernatant)?

1. Increase the duration of induction with 1mM IPTG
2. Grow cells at lower temperature after induction with 1 mM IPTG
3. Increase the concentration of IPTG
4. Grow cells at higher temperature after induction with 1 mM IPTG

**143.** पादपों में उपापचयी पथों की अभियांत्रिकी, पारजीनी तकनीकी के उपयोग से, उपयुक्त अभ्यर्थी जीनों के सन्निविष्टन तथा अतिअभिव्यिक्ति द्वारा उपार्जित की जा सकती है। पादपों में एक जैवरासायनिक पथ का निम्न चित्र प्रतिनिधित्व करता है जहां एन्जाईमाई अभिक्रियाओं के एक अनुक्रम द्वारा एक पूर्वगामी अणु 'A' को उत्पाद 'T' तथा 'X' में बदला जाता है। इस पथ में एन्ज़ाईम 1-5 सम्मिलित हैं। एक प्रबल संघटक उन्नायक के अनुलेखी नियंत्रण के अंतर्गत, एन्जाईम '5' के लिए एक अतिरिक्त प्रतिलिपि के सन्निविष्टन द्वारा वैज्ञानिकों ने 'X' के स्तर को बढ़ाने का प्रयत्न किया। तथापि, विकसित पारजीनी पादपों ने 'X' के स्तर में एक अनुपातीय वृद्धि नहीं दर्शायी।




उपरोक्त परिणामों की व्याख्या के लिए निम्न कथन प्रस्तावित किये गये।

A. एन्ज़ाईम '3' की तुलना में D के लिए एन्ज़ाईम '4' अधिक आकर्षण रखता है।
B. यौगिक X द्वारा एन्ज़ाईम '5' का पुनर्निवेश का संदमन
C. एन्ज़ाईम '5' के लिए क्रियाधार का परिसीमन

पारजीनी पादपों में X की मात्रा में अनुपाती वृद्धि के **न** पाये जाने के संभावित कारणों का उपरोक्त कथनों में से कौन-से प्रतिनिधित्व कर सकते हैं?

1. मात्र C
2. मात्र A तथा B
3. मात्र A
4. A, B तथा C

**143.** Engineering of metabolic pathways in plants can be achieved by introduction and over expression of appropriate candidate gene(s) using transgenic technology. The figure given below represents a biochemical pathway in plants where a precursor molecule 'A' is converted into products 'T' and 'X' through a series of enzymatic reactions. Enzymes 1-5 are involved in this pathway. Scientists attempted to increase the level of 'X' by introducing an additional copy of the gene for enzyme '5' under transcriptional control of a strong constitutive promoter. However, the developed transgenic plants did not display a proportionate increase in the level of 'X'.




The following statements were proposed for explaining the above results:

A. Enzyme '4' has greater affinity for D than enzyme '3'
B. Feedback inhibition of enzyme '5' by compound X
C. Substrate limitation for enzyme '5'

Which of the above statements could represent probable reasons for **NOT** obtaining a proportionate increase in the amount of X in the transgenic plants?

1. Only C
2. Only A and B
3. Only A
4. A, B and C

**144.** कवकी प्रतिरोध के लिए पारजीन ‘A’ रखनेवाले एक एकल प्रतिलिपि समयुग्मज पारजीनी पादप को बाद में लवण-प्रतिबल देने के लिए एक दूसरे जीन ‘B’ के साथ पुन: रूपांतरित किया गया। दोनों रूपांतरण प्रयोगों में काम में लिये जाने वाले वरण चिह्नक जीन अलग थे। पुन: रूपांतरण प्रयोग से पाये गये पारजीनी पादपों को लवण-प्रतिबल प्रतिरोध के लिए परीक्षित किया गया तथा सदर्न-संकरण द्वारा एकल प्रतिलिपि घटनायें पहचानी गयीं। ये एकल प्रलिलिपि घटनायें स्वनिषेचित थीं। सभी पारजीनी पादपों में दो T-DNAs (A तथा B पारजीनों को अंतर्विष्टित) के असंलग्नित स्थानों पर समाकलन होने पर $T_1$ संतान में लक्षणप्ररूपी अनुपात होंगे:

1. 3 (कवकी प्रतिरोधी+ लवण-प्रतिबल प्रतिरोधी): 1 (कवकी प्रतिरोधी)
2. 1 (कवकी प्रतिरोधी): 2 (कवकी प्रतिरोधी + लवण-प्रतिबल प्रतिरोधी): 1 (लवण-प्रतिबल प्रतिरोधी)
3. 3 (लवण-प्रतिबल प्रतिरोधी): 1 (कवकी प्रतिरोधी)
4. 1 (कवकी प्रतिरोधी): 1 (लवण-प्रतिबल प्रतिरोधी):1 (कवकी प्रतिरोधी + लवण-प्रतिबल प्रतिरोधी)

**144.** A single copy homozygous transgenic plant containing the transgene ‘A’ for fungal resistance was subsequently re-transformed with another gene ‘B’ for conferring resistance to salt-stress. The selection marker genes used for both the transformation experiments were different. Transgenic plants obtained following the re-transformation experiment were screened for salt-stress resistance and single copy events were identified by Southern hybridization. These single copy events were self-pollinated. In the event of the two T-DNAs (containing the A and B transgenes) getting integrated in unlinked locations in all the transgenic plants, the phenotypic ratios among the $T_1$ progeny would be:

1. 3 (Fungal resistant + Salt-stress resistant): 1 (Fungal resistant)
2. 1 (Fungal resistant): 2 (Fungal resistant + Salt-stress resistant): 1 (Salt-stress resistant)
3. 3 (Salt-stress resistant): 1 (Fungal resistant)
4. 1 (Fungal resistant): 1 (Salt-stress resistant):1 (Fungal resistant + Salt stress resistant)

**145.** एक GST संलयन प्रोटीन बनाने के लिए आप 2kb लंबाई के एक जीन को एक 3kb के संवाहक के अंदर निवेश करते हैं। जीन EcoRI स्थल पर निवेशित होता है तथा निवेश में प्रथम कोड़ान से 500bp अनुप्रवाह एक HindIII स्थल है। HindIII plus BamHI (H+B) तथा HindIII plus PstI (H+P) के उपयोग से प्लाज़्मिड के प्रतिबंधन-पाचन द्वारा आप सही विन्यास के क्लोन के लिए परीक्षण कर रहे हैं। संवाहक के उचित प्रांत का मानचित्र निम्न दर्शाया गया है।




चार स्वतंत्र क्लोनों (A, B, C या D) से अलगित प्लाज़्मिडों के प्रतिबंधन-पाचन के उपरांत प्राप्त प्रतिमान निम्नवत हैं:




ऊपर दर्शाये गये प्लाज़्मिडों में कौन-सा, सही विन्यास वाले क्लोन का प्रतिनिधित्व करता है?

1. A
2. B
3. C
4. D

**145.** You are inserting a gene of 2kb length into a vector of 3kb to make a GST fusion protein. The gene is being inserted at the EcoRI site and the insert has a HindIII site 500bp downstream of the first codon. You are screening for the clone with the correct orientation by restriction digestion of the plasmid using HindIII plus BamHI (H+B) and HindIII plus PstI (H+P). The map of the relevant region of the vector is shown below:




Given below is the pattern following restriction digestion of plasmid isolated from four independent clones (A, B, C or D).




Which of the plasmids shown above represents the clone in the correct orientation?

1. A
2. B
3. C
4. D

FOR ROUGH WORK